10-5-25:Layout 1 1/26/2026 3:04 AM Page 1



किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853


# दैनिक समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 108 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 26 जनवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 16 मूल्य 02 रुपया


### गणतंत्र दिवस परेड में सैन्य शक्ति, सांस्कृतिक विविधता और जन भागीदारी का दिखेगा भव्य उत्सव

देश 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाने जा रहा है। इस मौके पर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर शानदार परेड होगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गणतंत्र दिवस समारोह का नेतृत्व करेंगी और इस बार यूरोपीय यूनियन के दो बड़े नेता एंटोनियो कोस्टा और उसुर्ला वॉन डर लेयेन मुख्य अतिथि होंगे।

इस साल का गणतंत्र दिवस समारोह इसलिए भी खास है क्योंकि इसमें 'वंदे मातरम्' के 150 साल, देश की तरक्की, स्वदेशी सैन्य उपकरण, सेना की ताकत, भारत की संस्कृति और आम लोगों की भागीदारी सब कुछ एक साथ देखने को मिलेगा। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की शुरूआत 26 जनवरी सुबह 10.30 बजे से होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे।

# नर्मदा जयंती पर आस्था का सैलाब

## श्रद्धालुओं ने स्वच्छ घाट, स्वच्छ नर्मदा का लिया प्रण

**समाज जागरण**

नरसिंहपुर (मध्य प्रदेश): मध्य प्रदेश की जीवनधारा कहे जाने वाली मां नर्मदा की जयंती पर रविवार को श्रद्धालुओं का अद्भुत सैलाब उमड़ा। नरसिंहपुर जिले से बहती यह पवित्र नदी न केवल क्षेत्र की उर्वरा भूमि को समृद्ध बनाती है, बल्कि पूरे प्रदेश के लोगों की जीवनधारा भी इससे जुड़ी है।

अवतरण दिवस के अवसर पर भक्तों ने पदयात्रा और शोभायात्राओं के माध्यम से मां नर्मदा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। नरसिंहपुर के सतधारा समेत सभी घाटों पर भक्तों की भीड़ देखने लायक थी। इस अवसर पर गणतंत्र दिवस की झलक भी देखने को मिली, जब स्कूली छात्र-छात्राओं ने तिरंगे की चूनर मां नर्मदा को अर्पित की।



मां नर्मदा का यह पर्व सिर्फ आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि पर्यावरण और स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी का भी संदेश देता है। श्रद्धालु न केवल पूजा अर्चना करते हैं, बल्कि संकल्प भी लेते हैं कि वे नदी और घाटों को हमेशा स्वच्छ बनाए रखेंगे।

इस वर्ष सैकड़ों किलोमीटर दूर से भी श्रद्धालु पैदल घाटों तक पहुंचे। सिवनी जिले के लखनादौन तहसील के आदेगांव से आए गोलू कुशवाहा ने बताया कि वे 2017 से हर साल नर्मदा जयंती में पैदल शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा, "मां नर्मदा की कृपा इतनी बड़ी है कि मांगने से पहले ही मां अपने भक्तों की इच्छा पूरी कर देती हैं।"

स्वच्छता अभियान की मेंटर शिवानी विश्वकर्मा ने बताया कि घाटों पर अक्सर पाउच, पानी की बोतल और पॉलीथीन छोड़े जाते हैं। उन्होंने कहा, "श्रद्धा के साथ स्वच्छता भी जरूरी है। अगर हम नदी और घाटों में गंदगी डालते हैं, तो यह हमारी आस्था के विपरीत है।"

स्वच्छता अभियान के अन्य मेंटर भगवान उपाध्याय ने कहा, "त्वदीय पाद पंकजम, नमामि देवी नर्मदा।" उनका कहना था कि नारियल फोड़ना या स्नान करना दिखावे का पुण्य नहीं है; असली पुण्य तब मिलता है, जब हम मां के आंचल को स्वच्छ बनाए रखें।

उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि घाट पर आने के बाद भी कचरा अपने साथ ले जाएं और कोई भी पॉलीथीन या गंदगी न छोड़ें। ऐसा करने से न केवल घाट और नदी का वातावरण स्वच्छ रहेगा, बल्कि हमारी आस्था भी और मजबूत होगी। (इनपुट झ्र आईएएनएस)






## नोएडा शिल्प हाट में उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के द्वितीय दिवस का भव्य आयोजन.

**समाज जागरण**

संदीप गर्ग / नोएडा : उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार प्रदेश की स्थापना के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं विकासात्मक उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नोएडा के शिल्प हाट, सेक्टर-33ए में उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के द्वितीय दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी गौतमबुद्धनगर डॉ शिवकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में जनसामान्य ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवकांत द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस जैसे आयोजन प्रदेश की लोककला, शिल्प, सांस्कृतिक विविधता एवं प्रतिभाओं को सशक्त मंच प्रदान करते हैं तथा युवाओं, महिलाओं एवं उद्यमियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय इस आयोजन के माध्यम से प्रदेश की विकासात्मक योजनाओं, निवेश संभावनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रति आमजन की जागरूकता और सहभागिता और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने जनसामान्य से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस आयोजन का लाभ उठाएं। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति, सामाजिक चेतना एवं सांस्कृतिक विषयों पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। आर्य पब्लिक स्कूल, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सेक्टर-12, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज होशियारपुर सेक्टर-51, सेंट हुड कॉन्वेंट स्कूल, बीजीएस विजनाथन स्कूल, राव कासल पब्लिक स्कूल, वर्ल्ड स्कूल ग्रेटर नोएडा एवं सरला चोपड़ा डीएवीपी स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, नृत्य नाटिका, लघु नाटिका एवं समूह गान प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

## आप सभी देशवासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।







*26 जनवरी गणतंत्र दिवस की बधाइयां*

## नवीन संकल्पों के साथ नया आकाश, आजादी के महत्व को समझने का लोकतान्त्रिक नजरिया

26 जनवरी गणतंत्र दिवस देश के लिए गौरवशाली दिवस है। लोकतंत्र निहित स्तंभों को द्विगुणित करता लोकतांत्रिक महापर्व गणतंत्र दिवस ' आप सभी को अनंत बधाइयां एवं शुभकामनाएं। इस अवसर पर हमें नवीन संकल्पों के साथ नए-नए विकास और उत्थान के संकल्पों केंद्र निर्वाहन की शपथ भी लेनी होगी तब जाकर ही गणतंत्र दिवस मनाने की सार्थकता प्रमाणित हो पाएगी। आज ही के दिन स्वतंत्रता प्राप्ति के लगभग ढाई वर्ष बाद इसी ऐतिहासिक तिथि 26 जनवरी 1950 को स्वतंत्र भारत का संविधान लागू किया गया और भारत के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने प्रथम राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी।

तत्कालीन वायसराय राजगोपालाचारी जी ने विधिवत रूप से अपने समस्त



अधिकार हस्तगत किए थे। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और महत्वपूर्ण सहयोगियों के द्वारा निर्मित भारत के संविधान को जारी करते हुए ही भारत प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य बन गया था। गणतंत्र का अर्थ ऐसी शासन व्यवस्था से है जिसमें सत्ता जनसाधारण में समाहित है। वैसे तो हमें 15 अगस्त 1947 को ही अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी, किंतु इस स्वतंत्रता को वास्तविक अर्थ देते हुए प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य राष्ट्र घोषित 26 जनवरी 1950 को ही किया गया था। निसंदेह हैं यह हमारे लिए गौरवशाली दिवस है, एवं राष्ट्रीय पर्व भी है। इस दिन प्रत्येक भारतीय को देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का दिवस है। इस दिन हम सब को समझना होगा की आजादी खून बहा कर प्राप्त हुई है आसानी से नहीं मिली है। आजादी प्राप्त करने के लिए हजारों लाखों लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। प्राणों को न्यौछावर करने के बाद ही हमें प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य के रूप में में स्थापना मिली है। क्या भारतवासी हम सब आजादी के इस मूल्य और गणतंत्र या लोकतंत्र की भावना को अच्छे से समझते हैं, और इस राष्ट्र के विकास तथा देश का वैश्विक स्तर पर सिर ऊंचा करने का प्रयास कर रहे हैं, यह एक वैचारिक प्रश्न है।

क्या हम लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्था की बारीकियों को समझते हैं या जिस आजादी की फिजा में हम सांस ले रहे हैं उसके महत्व को कितना समझ रहे हैं, एवं उसके प्रति कितनी श्रद्धा है। आजादी वीर जवानों के संघर्षों की ही देन है। हमारा गणराज्य या भारतीय लोकतंत्र हमेशा सलामत रहे। हमारे देश की सेना के वीर जवान सीमा पर सर्दी गर्मी लूट एवं अनेक विपरीत परिस्थितियों को सहते हुए भी हर पल दुश्मनों पर केवल इसलिए नजर रखते हैं कि हमारा गणतंत्र एवं हमारा लोकतांत्रिक गणराज्य सुरक्षित रह सके। हमें भी अपनी स्वतंत्रता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए संकल्प लेते हुए देश के विकास में हरसंभव योगदान देना चाहिए। महान संत रामतीर्थ ने कहा था कि "राष्ट्र के हित की रक्षा के लिए प्रयत्न करना विश्व की शक्तियों का यानी देवताओं की आराधना करना ही है"। राष्ट्रीय एकता का यह पर्व हम सबको एवं सभी धर्मों को मिलजुल कर रहने एवं प्रेम भाईचारे का संदेश देता है। हमें हर संभव देश के स्वतंत्रता ,अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने की शपथ लेनी चाहिए। हमें इस गणतंत्र दिवस पर नए संकल्प यानी नारी शक्ति की आराधना, बालिकाओं के समग्र विकास की परिकल्पना देश की हर संभव विकास की संभावनाओं को अग्रसर करना एवं सांप्रदायिक सौहार्द शांति अमन बनाए रखने में हर संभव एकजुट रहना होगा। यह सर्वविदित है की स्वतंत्रता के बाद से ही भारत ने विकास की नई शाखाएं विज्ञान, टेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य, स्पेस रिसर्च एवं सामरिक महत्व के कई अविष्कारों पर अपनी प्रगति की छाप छोड़ी है। भारत में पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से देश में चहुमुखी विकास किया है। एवं विदेशों में भी भारतीय लोगों ने अपना परचम फैलाया है। वर्तमान समय में कोविड-19 के संक्रमण में भारत वासियों ने जिस एकजुटता एवं अपनी जिजीविषा का परिचय देकर इसे प्राप्त किया है वह निसंदेह काबिले तारीफ है। भारत सरकार ने न सिर्फ अपने देश के नागरिकों की रक्षा की है बल्कि विदेशों में गरीब लोगों के लिए दवाइयां एवं इंजेक्शन भी निर्यात किए हैं। गणतंत्र दिवस में हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम धार्मिक आडंबर, अंधविश्वास एवं शिक्षा को देश से समूल नष्ट कर बाहर फेंकने का काम करेंगे। स्त्रियों बालिकाओं को उचित सम्मान देकर उनकी शिक्षा उनके सम्मान एवं उनकी सहभागिता को उचित महत्व देकर आगे बढ़ाएंगे। गणतंत्र दिवस को नई कल्पना नई ऊंचाइयों को छूने के संकल्प के साथ मनाना होगा। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस को एक औपचारिक समारोह के रूप में ना मनाकर नई प्रतिज्ञा, नई शपथ और विकास की ऊंचाइयों को छूने का दृढ़ संकल्प लेना होगा। स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए जिन महान संत संग्राम सेनानियों ने और नागरिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी है उनको नमन एवं श्रद्धांजलि देते हुए हम नए संकल्प के साथ कि भारत को नई ऊंचाइयों में पहुंचा कर विश्व गुरु बनाने की प्रतिष्ठा प्राप्त करेंगे। शुभकामनाओं तथा बधाइयों के साथ।

**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, टिप्पणी कार, रायपुर छत्तीसगढ़,9009 415 415,**

**26 जनवरी पर विशेष कविता**

## आया हैं "गणतंत्र दिवस"...!

आया हैं "गणतंत्र दिवस" का पावन अवसर,
26 जनवरी 1950 को प्रारम्भ हुआ सफर।
हिंदुस्तान का "संविधान" अस्तित्व में आया,
भारत सही मायने में एक गणतंत्र कहलाया।

आखिर यूं देशभक्तों का "जुनून" काम आया,
देश में लागू हुआ हमारा अपना कानून छाया।
यहाँ चहुँओर बिखरे हैं खुशियों के रंग हजार,
हर भारतीयों में छाया हैं खुशियों का संसार

खुशहाल भारत के सपनीली राह से भटक रहें,
देशहित को भूल अपने स्वार्थ में है अटक रहें।
आओ उन वीर शहीदों के मकसद को दोहराएं,
दिलों में देशहित को निजहित से ऊपर बिठाएं।

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)
मो. 98260 25986

# भारत का गणतंत्र दिवस: लोकतंत्र की अमर परंपरा

**महेन्द्र तिवारी**

भारत में 26 जनवरी केवल एक तारीख नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक संकल्प की स्मृति है, जब औपनिवेशिक शासन से मुक्त होकर देश ने स्वयं को एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित किया। गणतंत्र दिवस उस क्षण का उत्सव है, जब सत्ता किसी राजा, साम्राज्य या उपनिवेश के हाथ में नहीं, बल्कि संविधान के माध्यम से जनता के हाथों में सौंपी गई। यह दिन हमें याद दिलाता है कि स्वतंत्रता केवल राजनीतिक मुक्ति नहीं, बल्कि समानता, न्याय और गरिमा के साथ जीने का अधिकार है।

भारत का स्वतंत्रता संग्राम जितना गौरवशाली था, उतना ही जटिल और लंबा भी। 15 अगस्त 1947 को देश स्वतंत्र हुआ, पर उस स्वतंत्रता को सार्थक रूप देने के लिए एक ऐसे संविधान की आवश्यकता थी, जो भारत जैसे विविधतापूर्ण समाज को एक सूत्र में बांध सके। 26 जनवरी 1930 को लाहौर कांग्रेस अधिवेशन में घोषित पूर्ण स्वराज का संकल्प केवल ब्रिटिश सत्ता से मुक्ति की मांग नहीं था, बल्कि आत्मनिर्णय और आत्मसम्मान की घोषणा भी था। यही कारण है कि स्वतंत्र भारत के संविधान को लागू करने के लिए इसी तिथि को चुना गया। 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत और 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ संविधान भारत के लोकतांत्रिक भविष्य की आधारशिला बना।

डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में निर्मित भारतीय संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि सामाजिक क्रांति का घोषणापत्र है। यह उस समाज के लिए लिखा गया था, जो सदियों से जाति, वर्ग, लिंग और धर्म के आधार पर विभाजित रहा। समानता का अधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, धार्मिक आजादी, और न्याय तक पहुंच–ये सभी प्रावधान उस भारत की कल्पना करते हैं, जहां नागरिक की पहचान उसकी जन्मगत स्थिति से नहीं, बल्कि उसके अधिकारों और कर्तव्यों से तय होती है। संविधान ने भारत को संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित कर



यह स्पष्ट कर दिया कि सत्ता का अंतिम स्रोत जनता है।

गणतंत्र दिवस के भव्य आयोजन इस लोकतांत्रिक चेतना को दृश्य रूप देते हैं। दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होने वाली परेड केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता का मंच है। विभिन्न राज्यों की झांकियां देश की सांस्कृतिक विविधता को प्रस्तुत करती हैं और यह संदेश देती हैं कि भारत की ताकत उसकी बहुलता में निहित है। सेना, नौसेना और वायुसेना का अनुशासित मार्च देश की सुरक्षा और संप्रभुता का प्रतीक है, जबकि बच्चों की भागीदारी भविष्य की आशाओं को स्वर देती है। यह आयोजन राष्ट्र को स्वयं से संवाद करने का अवसर देता है।

हालांकि गणतंत्र दिवस का महत्व केवल औपचारिक समारोहों तक सीमित नहीं है। यह दिन आत्मचिंतन का भी है। पिछले सात दशकों में भारत ने लोकतंत्र की लंबी यात्रा तय की है। सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार, शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण, स्वतंत्र न्यायपालिका और जीवंत मीडिया ने भारत को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में स्थापित किया है। वैज्ञानिक उपलब्धियां, अंतरिक्ष मिशन, डिजिटल क्रांति और वैश्विक मंचों पर बढ़ती भूमिका भारत की प्रगति के प्रमाण हैं। फिर भी, यह प्रश्न बार-बार सामने आता है कि क्या लोकतंत्र का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है।

आज भारत गंभीर सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है। बढ़ती असमानता, बेरोजगारी, किसानों की आय का संकट, महिलाओं की सुरक्षा, और पर्यावरणीय क्षरण जैसे मुद्दे लोकतांत्रिक व्यवस्था की परीक्षा ले रहे हैं। संविधान ने समान अवसर का वादा किया था, लेकिन जमीनी सच्चाई अक्सर इस वादे से पीछे रह जाती है। लोकतंत्र केवल चुनावों तक सीमित न होकर जवाबदेही और सहभागिता की मांग करता है। जब नागरिकों की आवाज को दबाया जाता है या असहमति को राष्ट्र-विरोध के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, तब लोकतंत्र की आत्मा कमजोर होती है।

गणतंत्र दिवस हमें यह भी याद दिलाता है कि संविधान एक स्थिर दस्तावेज नहीं, बल्कि समय के साथ विकसित होने वाली जीवंत व्यवस्था है। अब तक हुए संशोधन सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों के अनुरूप हैं, लेकिन किसी भी संशोधन की कसौटी यही होनी चाहिए कि वह संविधान की मूल भावना–न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता–को मजबूत करे, न कि कमजोर। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष के साथ-साथ एक सशक्त विपक्ष, स्वतंत्र न्यायपालिका और निष्पक्ष संस्थाएं अनिवार्य हैं। इनके बिना गणतंत्र केवल नाममात्र का रह जाएगा।

आज जब भारत ह्यआजादी के अमृत कालह्व की बात करता है, तब यह आवश्यक हो जाता है कि विकास के मॉडल पर पुनर्विचार किया जाए। आर्थिक वृद्धि तब तक सार्थक नहीं हो सकती, जब तक वह समावेशी न हो। शिक्षा और स्वास्थ्य में निवेश, ग्रामीण भारत का सशक्तिकरण, और हाशिए पर खड़े समुदायों को मुख्यधारा में लाना लोकतांत्रिक दायित्व हैं। डॉ. अंबेडकर ने चेताया था कि राजनीतिक समानता के साथ सामाजिक और आर्थिक समानता नहीं आई, तो लोकतंत्र खतरे में पड़ सकता है। यह चेतावनी आज भी उतनी ही प्रासंगिक है।

गणतंत्र दिवस का सबसे बड़ा संदेश सामाजिक एकता है। यह दिन याद दिलाता है कि भारत की पहचान किसी एक भाषा, धर्म या संस्कृति से नहीं, बल्कि उसके बहुरंगी ताने-बाने से है। जब पूर्वोत्तर से लेकर दक्षिण और कश्मीर से लेकर कच्छ तक की झलकियां एक मंच पर आती हैं, तो संघीय ढांचे की शक्ति स्पष्ट होती है। यह विविधता किसी कमजोरी का नहीं, बल्कि लोकतंत्र की परिपक्वता का संकेत है।

अंततः गणतंत्र दिवस उत्सव से अधिक एक जिम्मेदारी है। यह दिन हमें संविधान के प्रति निष्ठा और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण का संकल्प लेने का अवसर देता है। नागरिकों के अधिकारों के साथ-साथ उनके कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। स्वतंत्रता की रक्षा केवल संस्थानों का काम नहीं, बल्कि हर जागरूक नागरिक की भूमिका इसमें निर्णायक है। जब तक लोकतंत्र में संवाद, सहिष्णुता और न्याय जीवित हैं, तब तक गणतंत्र जीवित रहेगा।

गणतंत्र दिवस हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि हम किस भारत की ओर बढ़ रहे हैं। क्या वह भारत होगा, जहां विकास के साथ करुणा और समावेशिता चले, या ऐसा भारत जहां उपलब्धियां केवल आंकड़ों तक सीमित रह जाएं? इस प्रश्न का उत्तर हमारे सामूहिक आचरण में निहित है। संविधान ने मार्ग दिखाया है; अब उस पर चलने की जिम्मेदारी हम सबकी है। यही गणतंत्र दिवस का वास्तविक अर्थ है–लोकतंत्र का उत्सव और भविष्य के प्रति संकल्प।

# बदलती वैश्विक परिस्थितियों में भारत का गणराज्य और तेज आर्थिक सुधारों की राह

### पिछले कई महीनों में, विश्व की सबसे बड़ी शक्ति अमेरिका की नीतियों और कार्रवाइयों ने वैश्विक व्यवस्था की नींव को चुनौती दी है

वर्ष 2025 में भारत ने अपने संविधान को अपनाने के 75 साल का जश्न मनाया। इसने राष्ट्र को एक साथ आने का अवसर प्रदान किया ताकि अब तक की यात्रा का आकलन किया जा सके और आगे आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की जा सके। भारत जिन चुनौतियों का सामना कर रहा है, उनकी प्रकृति बीते वर्ष में काफी बदल गई है, विशेष रूप से उसके बाहरी संबंधों में। वास्तव में, भारत अकेला नहीं है और इस वर्ष का गणतंत्र दिवस समारोह एक तरह से बदली हुई परिस्थितियों और उनके प्रति प्रतिक्रिया को दशार्ता है। यूरोपीय संघ के नेता एंटोनियो कोस्टा और उसुर्ला वॉन डेर लेयेन आज के समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। यह उम्मीद है कि इस सप्ताह भारत और यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देंगे।

पिछले कई महीनों में, विश्व की सबसे बड़ी शक्ति अमेरिका की नीतियों और कार्रवाइयों ने वैश्विक व्यवस्था की नींव को चुनौती दी है। इससे न केवल यह धारणा टूट गई है कि अमेरिका युद्धोत्तर वैश्विक व्यवस्था का बचाव करेगा, जिसका वह प्रमुख वास्तुकार था, बल्कि यह स्वयं उसके लिए सबसे बड़ा जोखिम भी बन गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप का ग्रीनलैंड पर कब्जे का जुनून इसका ताजा उदाहरण है।





यद्यपि ट्रंप ने अपने दावोस भाषण में बयानबाजी को कुछ कम किया लेकिन यूरोपीय और अन्य विश्व नेताओं के लिए यह स्पष्ट हो चुका है कि अमेरिका व्यापार या सुरक्षा मामलों में अब एक विश्वसनीय साझेदार नहीं रहा। इसलिए, भारत और यूरोपीय संघ के बीच संभावित समझौता महत्त्वपूर्ण है, और यह कहना उचित होगा कि वर्तमान वैश्विक वातावरण ने इसकी तात्कालिकता को और बढ़ा दिया है।

अमेरिका ने भारत को अलग तरह से निशाना बनाया है और रूसी तेल के आयात के बहाने ऊंचे शुल्क लगाए हैं। भले ही भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता कुछ संवेदनशील क्षेत्रों को अपने दायरे से बाहर रखे, यह दोनों पक्षों के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी। ऐसी रिपोर्ट हैं कि यूरोपीय संघ के कार्बन सीमा समायोजन तंत्र जैसे मुद्दों को भी संबोधित किए जाने की संभावना है। हालांकि भारत की भागीदारी केवल व्यापार तक सीमित नहीं है। यूरोप भी रक्षा क्षमताओं का निर्माण कर रहा है, और इस प्रयास में भारत एक साझेदार हो सकता है। भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन इस क्षेत्र में सहभागिता को आगे बढ़ा सकता है, जिससे परस्पर लाभ होंगे। भारत का गहरा हित नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था की रक्षा करने में है, और उसे उन व्यवस्थाओं का हिस्सा होना चाहिए जो इस दिशा में काम करने की इच्छुक हैं।

यद्यपि नई वैश्विक व्यवस्था के अनुरूप ढलने के लिए, भारत को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी तैयारी को सुधारने की आवश्यकता होगी। एक गणराज्य के रूप में अपनी गहराई और विविधता का लाभ उठाना होगा। देश को अपनी प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार करना होगा और आर्थिक तथा सामाजिक परिणामों में सुधार के लिए समायोजन करना होगा। यह 1947 तक विकसित देश बनने की संभावनाओं को भी बढ़ाएगा। भारत को विकास के सभी पहलुओं में सुधार की आवश्यकता है। इसका अर्थ यह नहीं है कि चीजें बेहतर नहीं हो रही हैं, बल्कि यह है कि गति को उल्लेखनीय रूप से तेज करने की आवश्यकता है।

उदाहरण के लिए, भारत ने पिछले कुछ वर्षों में भौतिक और डिजिटल अधोसंरचना के निर्माण में अत्यंत अच्छा प्रदर्शन किया है, जिससे उत्पादक क्षमता में सुधार हुआ है। सरकार भी विनियमन हटाने पर काम कर रही है। यदि इसे सही ढंग से किया जाए, तो यह आने वाले वर्षों में विकास का सबसे बड़ा प्रेरक बन सकता है। कुल मिलाकर, इस बात पर बहुत कम बहस है कि भारत क्या चाहता है और उसे क्या करना चाहिए। वास्तविक मुद्दा यह है कि वह आगे कैसे बढ़ता है। प्रतिकूल वैश्विक वातावरण में, भारत को शीघ्र ही अपनी राह खोजनी होगी।

**महावीर चक्र विजेता**
*(मेजर जसवंत सिंह रावत)*
*भारत-चीन युद्ध 1962*

कविता/कृष्ण चतुर्वेदी

सागर जैसे उमड़ा आता है बादल में।
वैसे ही वीर प्रसूता जननी के आँचल में।
अटल-अडिग-अभिमानी शूरवीर आया था,
लहरें उठ जाती थी पावन गंगाजल में।।
वीरोखाल पहाड़ी घाटी की कुबार्नी।
देव मनुज ने थी मिल साथ गुलामी काटी,
गुस्साया सूरज चढ़ आया फिर ज्यों सिर पर,
भारत की आजादी दुष्ट चीन ने चाटी।।
पश्चिम के रण में लद्दाख सिमटता आया।
चीनी सेना ने चाक-चौबंद सब पाया।
अरुणाचल को घेरा नेफा में शाम हुई,
अभी-अभी आजाद हुआ भारत घबराया।
तुआंग चीर छाती पर चढ़ आया।
गढ़वाली सेना को वापस गया बुलाया।
ठीक इन्हीं क्षणों में वीरता धधक उठी,
दूध सिंहनी का पीने वाला मुस्काया।।
मैं रण में माँ दुश्मन का खून बहा दूंगा।
रख जान हथेली पर झण्डा लहरा दूंगा।
मुझे तिरंगा प्यारा है बढ़कर प्राणों से,
मरकर भी माँ मैं सीमा पर पहरा दूंगा।।

# संविधान आया, इतिहास गया

**समाज जागरण**


कुछ लोग बड़े आत्मविश्वास से कहते हैं–
“हमें सब कुछ संविधान से मिला है।”
यह वाक्य सुनते ही लगता है जैसे भारत 26 जनवरी 1950 की सुबह किसी सरकारी फाइल से निकला हो–
उससे पहले न कोई समाज था, न संस्कृति, न सभ्यता, न ज्ञान, न व्यवस्था।
सीधे-सीधे कहें तो जैसे सिंधु घाटी भी किसी ड्राफ्टिंग कमेटी की उपसमिति रही हो।

भारत, जो हजारों नहीं बल्कि लाखों वर्षों की सभ्यता का दावा करता है,
जहाँ ऋषियों ने वन में बैठकर समाज के नियम गढ़े,
जहाँ शब्द “धर्म” कानून से पहले आया,
जहाँ राजा भी नियमों से बंधा था–
उसे अब बताया जा रहा है कि वह असंवैधानिक था।

संविधान को आज ऐसा सर्वशक्तिमान बना दिया गया है
मानो उससे पहले सब अंधकार था
और उसके बाद ही सूरज उगा।

जो समाज हजारों वर्षों तक बिना ह्रअनुच्छेदह्व के चल गया,
वह आज हर सांस के लिए अनुच्छेद ढूंढ रहा है।
किसी को अधिकार चाहिए–संविधान।
किसी को आरक्षण चाहिए–संविधान।
किसी को टकराव चाहिए–संविधान।
और किसी को सत्ता–तो संविधान की “व्याख्या”।

व्याख्या इतनी लचीली है कि
एक ही अनुच्छेद से कोई न्याय निकाल लेता है





और दूसरा उसी से आंदोलन।

संविधान बनाने वालों की नीयत पर सवाल नहीं,
पर यह सवाल तो बनता है–
क्या उन्हें यह भान था कि वे जिस देश के लिए संविधान लिख रहे हैं,
वह कोई नई बनी कंपनी नहीं,
बल्कि एक जीवित सभ्यता है?

यह कैसी विडंबना है कि
हजारों वर्षों की सामाजिक व्यवस्थाओं को “पिछड़ा” कह दिया गया,
लेकिन 75 साल की व्यवस्था को “अंतिम सत्य” मान लिया गया।
जो परंपरा समाज को जोड़ती थी, वह “रूढ़िवादी” ठहरी,
और जो कानून समाज को बाँट दे–वह “प्रगतिशील” कहलाया।

आज संविधान के नाम पर ऐसा खेल चल रहा है
कि समाज वर्गों में नहीं, धाराओं में बंट गया है।
लोग नागरिक नहीं, उपधाराएँ बन गए हैं।
पहचान अब संस्कृति से नहीं,
बल्कि इस सवाल से तय होती है–
“आप किस अनुच्छेद के अंतर्गत आते हैं?”
व्यंग्य यह नहीं कि संविधान है,
व्यंग्य यह है कि उसे ईश्वर बना दिया गया है।
और ईश्वर को भी रोज अदालत में पेश किया जा रहा है
व्याख्या के लिए।

संविधान मार्गदर्शक हो सकता है,
पर वह इतिहास का विकल्प नहीं।
वह व्यवस्था दे सकता है,
पर सभ्यता नहीं।

भारत को सब कुछ संविधान से नहीं मिला–
संविधान को भारत से बहुत कुछ मिला है।
काश, यह बात संविधान के सबसे बड़े भक्त भी समझ पाते।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित। संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

हिन्दी दैनिक
समाज जागरण

संभल/रामपुर/बिजनौर/लखीमपुर

नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 26 जनवरी 2026



# शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन

**समाज जागरण**



चंदौसी। जायंट्स ग्रुप आफ महिला शक्ति ,जायंट्स ग्रुप आफ वूमेन ईरा,जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर जायंट्स ग्रुप ऑफ वुमेन प्राइड ने सम्मिलित रूप से शपथ समारोह हर्षो ल्लास के साथ मनाया इस अवसर पर मुख्य अतिथि डिप्टी बर्ड चेयरमैन एस.पी. चतुर्वेदी पधारे ' साथ ही सेंट्रल कमेटी मेंबर डॉक्टर सुधा चौधरी, फेडरेशन 5 के अध्यक्ष विपिन मित्तल ,आईपीपी कृष्ण ओतार जी ,पास्ट फेडरेशन प्रेसिडेंट पदमा भार्गव भी उपस्थित रहे ।महिला शक्ति कीअध्यक्ष इंदू अग्रवाल, को यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल के द्वारा अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई ,तथा ग्रुप के डी.ओ.ए. तथा डी.ओ.एफ. और वार्ड मेंबर को भी शपथ दिलाई गई। चारों ग्रुपों के सभी सदस्यों ने शपथ समारोह में बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा चारों ग्रुपों से सांस्कृतिक प्रोग्रामो द्वारा सभी सदस्यों का मनोरंजन किया गया । महिला शक्ति की आशा बिसारिया द्वारा अतिथियों के स्वागत में स्वागत गान गया गया, अधिष्ठापन समारोह में उपस्थित सभी माननीय सदस्यों ने अपने विचारों द्वारा मार्गदर्शन किया तथा चारों ग्रुपों द्वारा सभी माननीय सदस्यों का भव्य सत्कार उपहार देकर किया गया इस अवसर पर चारों ग्रुपों के सभी सदस्य उपस्थित रहे । इस अवसर पर दो निर्धन कन्याओं के विवाह में चारों ग्रुपों द्वारा सहयोग देने के लिए दैनिक उपयोग में आने वाला जरूरत का सामान तथा कुछ नगद धनराशि देकर शुभाषीश दिया गया। इस अवसर पर महिला शक्ति के अधिकांश सदस्य उपस्थित रहे मंजू अग्रवाल, आशा विषरिया, सीमा सक्सेना, अनु रस्तोगी, अमृता, मंजू गुप्ता ,नीलम, गार्गी, आराधना, मंजू, उषा, प्रतिभा, पूनम, बीना, प्रीति, अलका, मीना, कविता, अंजू, रेखा, नेहा, सीमा, सुनीता, नीलिमा आदि उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

**समाज जागरण**




चंदौसी। श्री नारायण सेवा समिति रजि. चंदौसी के गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने भारत के पूर्ण गणराज्य के संबंध में अपने-अपने विचार प्रकट किये । कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सुखपाल सिंह गौर ने कहा कि 26 जनवरी 1930 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पूर्ण स्वराज्य की शपथ ली थी , अतएव सन् 1950 की 26 जनवरी को ही संविधान को अंगीकृत किया गया । विपिन गुप्ता ने कहा कि भारत में कानून का शासन स्थापित करने के लिए भारतीय संविधान की विशेष आवश्यकता थी । मुख्य वक्ता डॉ. टी. एस. पाल ने कहा कि गणतंत्र का अर्थ है कि राज्य वंशानुगत रूप में शासित न होकर देश की जनता द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष से चुने गए प्रतिनिधियों का शासन होता है । बृजगोपाल गुप्ता ने कहा कि लगभग 200 वर्ष की गुलामी के बाद भारत ने अपने शासन में अभूतपूर्व उन्नति की है । सभी बंधुओं ने देश के प्रति समर्पण, भक्ति और सेवा की शपथ ली । इस अवसर पर डॉ. राजकुमार गोयल, विपिन बालाजी, मुनेंद्र सिंह चौहान व सुनील सिंह एडवोकेट आदि उपस्थित रहे । अध्यक्षता के.जी. गुप्ता ने की तथा संचालन हरीश कठेरिया ने किया ।

## थाना हयातनगर अंतर्गत नवस्थापित पुलिस चौकी चन्द्रेश्वर धाम का डीएम व एसपी ने किया उद्घाटन

**समाज जागरण**

सम्भल। जनपद सम्भल में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किए जाने के उद्देश्य से थाना हयातनगर अंतर्गत नवस्थापित पुलिस चौकी चन्द्रेश्वर धाम का उदघाटन जिलाधिकारी जनपद सम्भल डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में विधिवत



पूजा-अर्चना के उपरांत संपन्न हुआ। उक्त उद्घाटन मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत स्थानीय बालिका हादिया फातिमा द्वारा फीता काटकर कराया गया, जो महिला सशक्तिकरण एवं बालिकाओं की सहभागिता का प्रेरणादायी संदेश देता है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक भाटी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा आमजन को सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण तथा जनसहयोग से अपराध नियंत्रण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया तथा क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने हेतु सहयोग की अपील की गई तथा महोदय द्वारा चौकी परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। नवस्थापित पुलिस चौकी के प्रारंभ होने से क्षेत्र में पुलिस की त्वरित पहुंच सुनिश्चित होगी, जिससे अपराध नियंत्रण, जनसुनवाई एवं आपातकालीन सेवाओं को और अधिक मजबूती मिलेगी।

# 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदाता जागरूकता रैली निकालकर दिया जागरूकता संदेश

**समाज जागरण**

बदायूं। 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2026 के अवसर पर माय भारत बदायूं द्वारा मतदाता जागरूकता एवं लोकतांत्रिक सहभागिता को सशक्त करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में युवाओं स्वयंसेवकों एवं गणमान्य अतिथियों की सक्रिय सहभागिता रही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. राकेश कुमार जायसवाल, जिला नोडल अधिकारी, एन.एस.एस. उपस्थित रहे साथ ही विशिष्ट अतिथि डॉ. सतीश सिंह यादव, कार्यक्रम अधिकारी एन.एस.एस कार्यक्रम अध्यक्षता नरेंद्र कुमार यादव विशिष्ट अतिथि विकास यादव प्रबंध निदेशक जे.एस.पी.जी. कॉलेज उन्नोला बदायूं कार्यक्रम संयोजक रविन्द्र पाल सिंह, तथा संजीव कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकार प्रतिनिधि उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्ध रहने एवं अपने मताधिकार का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने हेतु मतदाता शपथ दिलाई गई इसके पश्चात मतदाता जागरूकता पर आधारित गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें युवाओं को निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान के महत्व से अवगत कराया गया। मतदाता सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से हस्ताक्षर अभियान भी संचालित किया गया जिसमें उपस्थित नागरिकों युवाओं ने मतदान करने एवं अन्य मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर का विमोचन (पोस्टर लॉन्च) भी किया गया इसके उपरान्त जागरूकता संदेश को जन-जन तक पहुंचाने हेतु मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें स्वयंसेवकों ने प्रेरक नारों व संदेशों के माध्यम से अधिकाधिक मतदान का आग्रह किया इस अवसर पर माहे आलम उप निदेशक, माय भारत द्वारा वर्चुअल माध्यम से संबोधन करते हुए कहा कि मतदान लोकतंत्र का आधार है तथा प्रत्येक पात्र नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे मतदान के लिए स्वयं आगे आएं और समाज में जागरूकता फैलाकर अधिकतम मतदान सुनिश्चित कराने में योगदान दें कार्यक्रम का समापन लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने तथा जन भागीदारी बढ़ाने के संकल्प के साथ किया गया।

# राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर हुई चर्चा

**समाज जागरण**




चंदौसी। नगर चन्दौसी कैथल गेट में आयोजित हिंदू सम्मेलन में समाज, संस्कृति, पर्यावरण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर समरस, स्वाभिमानी और कर्तव्यनिष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता रही। भारतमाता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवम गणेश वंदना के बाद विभिन्न विद्यालयों के द्वारा सांस्कृतिक एवं देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

विभाग प्रचारक शरद जी ने कहा समाज के प्रत्येक व्यक्ति का अपना अपना महत्व हैं जैसे मनुष्य के शरीर के विभिन्न अंगों का अपना महत्व है। उसी प्रकार सभी हिन्दुओं को संगठित होकर भारत को बचाए रखना हैं, इसलिये ही पूज्य डॉ हेडगेवारजी ने संघ की स्थापना की थी। संघ व्यक्ति का निर्माण करता हैं जब देश मे प्राकृतिक आपदा आती है तो देश और समाज की सेवा के लिये संघ का स्वयंसेवक खड़ा रहता हैं। प्रत्येक हिन्दू को प्रतिदिन अपने परिवार के साथ ईश्वर की पूजा करनी चाहिए और परिवार के सदस्यों को संघ की शाखा में भेजे, जिससे निःशुल्क राष्ट्र की सेवा के लिये स्वयंसेवक तैयार होगा। वंदेमातरम को 150 वर्ष पूरे हुए हैं जिन लोगों को अपने राष्ट्र के गान से परेशानी है ऐसे लोगों को देश में रहने का अधिकार नहीं हैं। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर डॉ स्वामी प्रेमानन्द जी महाराज ने सम्बोधित करते हुए कहा कि संघ के स्थापना वर्ष के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हिन्दू सम्मेलन के आयोजनों से वर्तमान परिवेश में हिंदू संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। वर्तमान परिदृश्य के विषय के अनुरूप आजकल प्रायः धर्मांतरण हो रहा है समाज में जाति के नाम पर, लव जिहाद के नाम पर धर्मांतरण हो रहे हैं जिसके कारण हिंदुओं के साथ आघात हो रहा हैं। संघ अपनी शाखों और विभिन्न अनुषांगिक संगठनों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचकर सेवा कार्य करता है। जब मनुष्य की संघ द्वारा संचालित विद्या भारती के विद्यालयों में शिक्षा होती है तो सेवा आपका होना स्वाभाविक है इसलिए अपनी संस्कृति को पहचाने और ईश्वरीय आस्था में लगे। हम सभी मनुष्य अशुद्ध पैदा होते हैं लेकिन जब हमारे अंदर संस्कार डाल दिए जाते हैं तो हम सच्चे सनातनी बनते हैं। हिंदू धर्म को विश्व में पूर्व क्षेत्र भी स्वीकार कर रहा है इसलिए हम जगतगुरु हैं हमें संघ की शाखा में और जहां पर भी ज्ञान मिले जाना चाहिए। मुख्य वक्ता प्रान्त सेवा प्रमुख कुलदीप जी ने कहा कि समाज जीवन में समय अनुकूल परिवर्तन होना चाहिए। हमें पांच बिंदुओं को ध्यान में रखकर राष्ट्रहित में अपने जीवन में अपेक्षित परिवर्तन लाना उपयोगी रहेगा। सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व आधारित जीवन, नागरिक कर्तव्यबोध और शिष्टाचार। जब हम वर्तमान परिदृश्य का विचार करते हैं तो भारत का भविष्य उज्जवल दिखाई देता है लेकिन अनेक चुनोतियाँ भी सामने खड़ी है उन चुनौतियों का समाधान भी समाज को संगठित होकर करना होगा, तभी भारत समर्थशाली बनेगा। अन्त में हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल गोगी ने सभी का आभार व्यक्त किया। आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं उपहार के साथ पुरुस्कृत किया गया। हिंदू सम्मेलन की अध्यक्षता मौसम गुप्ता तथा संचालन कवि सौरभ कान्त शर्मा ने किया। इस दौरान समिति अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल गोगी, फूलप्रकाश वार्ष्णेय, अंकित जैन, गिरीश रतन, शुभम अग्रवाल, पिंकल वार्ष्णेय, अरविंद वार्ष्णेय, आदित्य दुबे, मनोज कुमार श्याम, कौशल किशोर, अंकुर गुप्ता, आयुष, शिखर अग्रवाल, मनोज दिवाकर, राजकुमार ठाकरे, अनुज वार्ष्णेय अन्नू, प्रतिभा चौधरी, रेखा वार्ष्णेय, शीला सागर, डॉ मधुपमा, शीनू गुप्ता, रेखा कशयप, कृष्णा शर्मा, डॉ दुर्गा टंडन, अजय अग्रवाल, भगवती, डॉ ओमेंद्र वार्ष्णेय, मोरमुकुट वार्ष्णेय, आमोद वार्ष्णेय, नरेन्द्र आचार्य, अभिनव शर्मा, दिनेश चीनी, निशान्त शर्मा, नवकान्त शर्मा, अनुराग गर्ग, दीपेश वार्ष्णेय, राहुल वार्ष्णेय एआर, विनय अग्रवाल, विवेक चौधरी, शशांक वार्ष्णेय, विकास सनातनी, राजीव सक्सेना, मनोज वार्ष्णेय, परमेश्वर लाल सैनी, गुलाब देवी, डॉ टीएस पाल, डॉ सुगंधा सिंह, अंकुर अग्रवाल, मंजू दिलेर, पप्पू चौधरी, उमेश दिवाकर, सतीश अरोड़ा, तरुण नीरज, चंद्रसेन दिवाकर छोटू, विजय यादव, प्रभात अग्रवाल, अमित सक्सेना, पारस अग्रवाल, चरन सिंह, दिलीप गोयल, भूदेव शर्मा, उदय तिवारी, संजीव यादव, अशोक शर्मा, राकेश पाठक, पवन अग्रवाल, संदीप अक्षत,संजय आरओ आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस चौकी खिरनी का विधि विधान पूर्वक किया गया उद्घाटन

**पुलिस चौकी बनने से कानून व्यवस्था होगी मजबूत**

**पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई**

**समाज जागरण संवाददाता प्रवेश यादव**

**जनपद सम्भल में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने तथा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किए जाने के उद्देश्य से**



**समाज जागरण**

पवांसा /सम्भल थाना कैलादेवी अंतर्गत नवस्थापित पुलिस चौकी खिरनी का उद्घाटन जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई गरिमामयी उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत संपन्न हुआ। उक्त उद्घाटन मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत स्थानीय छात्रा कुमारी ज्योति यादव द्वारा फीता काटकर कराया गया, जो महिला सशक्तिकरण एवं बालिकाओं की सहभागिता का प्रेरणादायी संदेश देता है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक कुमार भाटी कैला देवी थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार वर्मा खिरनी चौकी पुलिस राजकुमार सिंह सौंधन चौकी प्रभारी रईस अहमद सहित कैला देवी थाने का समस्त स्टाफ एवं जिला पंचायत सदस्य प्रत्यासी 11वार्ड एडवोकेट रामरहीस यादव आसपास क्षेत्र के प्रधान सहित ग्रामीण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों द्वारा आमजन को सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण तथा जनसहयोग से अपराध नियंत्रण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया तथा क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने हेतु सहयोग की अपील की गई। नवस्थापित पुलिस चौकी के प्रारंभ होने से क्षेत्र में पुलिस की त्वरित पहुंच सुनिश्चित होगी, जिससे अपराध नियंत्रण, जनसुनवाई एवं आपात कालीन सेवाओं को और अधिक मजबूती मिलेगी। पुलिस चौकी बनने पर पुलिस प्रशासन की सराहना की

# चंदौसी में निकाली गई भव्य विशाल तिरंगा यात्रा

**समाज जागरण**




चंदौसी। गणतंत्र दिवस के पूर्व अपराहन पर नगर चंदौसी में एक भव्य विशाल तिरंगे यात्रा का आयो जन जिला अध्यक्ष आकाश कुमार वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन जिला संभल के नेतृत्व में नगर चंदौसी में किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने प्रतिभा किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी, जिला अध्यक्ष भाजपा, हरेंद्र सिंह रिंकू,वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोमी चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री विपिन चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष मेजर राजीव ढल,ब्लॉक प्रमुख सुगंधा सिंह तथा चंद्रसेन दिवाकर, पप्पू चौधरी, अंकुर अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। जिसमें 100 फीट तिरंगे के साथ आर.एस इंटर कॉलेज के छात्रों ने भी प्रतिभाग किया। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि मैं जिला संयोजक आकाश कुमार और दिनेश पाल जी और वन्दे भारत राष्ट्रवादी संगठन की पूरी टीम को इस विशाल तिरंगा यात्रा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देती हो, जो उन्होंने इतनी विशाल तिरगा यात्रा का आयोजन किया और इस तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष वन्दे भारत रोमी चौधरी ने कहा कि मैं युवा साथियों को याद दिलाना चाहता हूं कि ये आजादी हमें ऐसे ही नहीं मिली। इस आजादी को पाने के लिए देश के हजारों नौजवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी और लाखों परिवारों ने अपना सुख-चैन त्याग कर योगदान दिया है। प्रदेश अध्यक्ष मेजर राजीव ढल ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सद्भाव एवं स्वाधीनता के आंदोलन से जुड़े सेनानियों को याद करना है। तिरंगा देशवासियों की आन-बान और शान है। इसे हमें सदैव बरकरार रखना है। मंडल उपाध्यक्ष दिनेश पाल तोमर ने कहा कि आज चंदौसी में वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन के तत्वावधान में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजक आर.एस. इंटर कॉलेज चंदौसी के प्रधानाचार्य एवं वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन के मंडल उपाध्यक्ष दिनेश पाल सिंह दिलकश ने यात्रा की गरिमा बढ़ाने वाले सभी पुलिस कर्मियों, मीडिया प्रतिनिधियों, चंदौसी के सैकड़ों नागरिकों, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों -कार्य कताओं, जनप्रतिनिधियों तथा कॉलेज के विद्यार्थियों का हार्दिक अभिनंदन एवं आभार व्यक्त किया। तिरंगा यात्रा राष्ट्रप्रेम, एकता और जागरूकता का सशक्त प्रतीक बनी। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ विशाल चौहान ,जिला अध्यक्ष आकाश कुमार, जिला महामंत्री पप्पू चौधरी, डॉ.टी. एस.पाल, सुखपाल सिंह गौर,पार्थ हॉस्पिटल की मालिक ..... आकाश वार्ष्णेय, जिला महामंत्री वी.के त्रिपाठी,भुवनेश पाल,टिंकू पाल,सतेंद्र दिवाकर,अरविंद पाल, यश जादौन ,एस.एन .शर्मा,अभिनव वार्ष्णेय ,नितिन शर्मा,विवेक पाठक,शशांक वार्ष्णेय, लव कुमार,बिट्टू ठाकुर, जयश पांचाल तथा आर.एस.इंटर कॉलेज के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# नगीना देहात में चोरी की मोटरसाइकिल और चाकू के साथ दो युवक गिरफ्तार

## पुलिस जांच के दौरान पकड़े गए आरोपी, उत्तराखंड से चोरी हुई थी मोटरसाइकिल

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**



बिजनौर के नगीना देहात क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान दो युवकों को गिरफ्तार किया। उनके पास से बिना नंबर की मोटरसाइकिल और दो अवैध चाकू बरामद हुए। जांच में पता चला कि यह मोटर साइकिल उत्तराखंड से चोरी की गई थी। पुलिस ने हिमांशु पुत्र राजकुमार और राहुल सनवाल पुत्र भूपेंद्र सानवार को रोका। दोनों उत्तराखंड के लखनपुर, रामनगर और काशीपुर के निवासी हैं। जांच के दौरान उनके पास से एक-एक अवैध चाकू भी मिला। मोटरसाइकिल की जांच के दौरान पता चला कि यह मोटर साइकिल मुनेश पुत्र गोकुल, निवासी दकिया गुलाबो, थाना काशीपुर, जनपद उधम सिंह नगर, उत्तराखंड के नाम पर पंजीकृत थी। मोटर साइकिल के असली मालिक मुनेश ने बताया कि उनकी मोटरसाइकिल पाँच जनवरी, २०२६ को काशीपुर रेलवे स्टेशन से चोरी हो गई थी और इस संबंध में उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।उपनिरीक्षक हिमांशु कुमार और उनकी टीम में कांस्टेबल आशीष धामा, विनय और ईशान शामिल थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और बरामद मोटरसाइकिल तथा चाकू अपने कब्जे में ले लिए। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई जारी है।

# भव्य तरीके से जनपद में मनाया गया 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस

## मतदाताओं को जागरूक करने हेतु निकाली गयी बाईक रैली, जिलाधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर किये रवाना

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में आज जिला निर्वाचन अधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी बी0 एन0 सिंह ने उपस्थित जनसमूह को लोकतांत्रिक मयार्दाओं को बनाए रखने और निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित जनमानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि मतदाता के बिना चुनाव प्रक्रिया शून्य है, लोकतंत्र में मतदाताओं से बड़ा कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी चुनाव प्रक्रिया में मतदाता सबसे अहम हिस्सेदार होता है। यदि मतदाता जागरूक नहीं है, तो पूरी निर्वाचन प्रक्रिया शून्य के समान है। उन्होंने खुशी जाहिर की कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष का कार्यक्रम अधिक सुव्यवस्थित और भव्य रहा। इस दौरान उन्होंने जनपदवासियों को मतदाता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब हम 18 वर्ष के हो जाते हैं, तब हमें लोकतांत्रिक व्यवस्था में वोट देने का अधिकार मिल जाता है, लोकतंत्र में मतदान दिवस को त्यौहार के रूप में मनाया जाता है, बी0एल0ओ0 का लोकतंत्र में बहुत महत्वपूर्ण कार्य होता है, वोटर लिस्ट की शुद्धता बी0 एल0 ओ0 के ऊपर निर्भर करती है, नये वोटर जोड़ना, घटना, शिफ्ट करना बी0एल0ओ0 की जिम्मेदारी होती है, उन्होंने कहा कि जितनी पारदर्शी मतदाता सूची बनती है, उतना ही निष्पक्ष चुनाव होता है, उन्होंने कहा कि हर मतदाता की यह जिम्मेदारी होती है कि वह लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान अवश्य करें और मतदान प्रतिशत बढ़ाने में अपनी भागीदारी निभायें और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनायें। उन्होंने कहा कि जाति, धर्म व बिना किसी भेद-भाव के मतदान करना चाहिए, उन्होंने कहा कि 1 जनवरी, 2026 को अपनी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवक-युवतियां को मतदाता सूची में नाम शामिल करने हेतु जागरूक किया जाये। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दी जागरूकता की सीख कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों और नुक्कड़ नाटकों की शानदार प्रस्तुति दी गई। बच्चों के हुनर की प्रशंसा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इन नन्हे कलाकारों ने अपने अभिनय से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए हैं। उन्होंने बच्चों को धन्यवाद देते हुए कहा कि जन-जागरूकता फैलाने में कला सबसे सशक्त माध्यम है। इस दौरान एस0आई0 आर0 अभियान व निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले जनपद के बी0एल0ओ0 को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ, ग्राम रोजगार सेवक, शिक्षा मित्र और पंचायत सहायकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले ये कर्मी लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी हैं। इस दौरान जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं को जागरूक करने हेतु निकाली गयी बाईक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किये।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी ( न्यायिक) रमेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, डी0सी0 मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, सहायक पर्यटन अधिकारी राजेश भारती, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूक पटेल, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला दिव्यांगजन एवं शक्ति नगरण अधिकारी विद्या देवी, जिला दिव्यांग ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर श्री दिव्यतोष मिश्रा, शिक्षकगण, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

# दिव्यांग पत्नी को पति के कंधे पर देख डीएम ने तत्काल उपलब्ध कराई मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान एक दंपति को तत्काल सहायता मिली। जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने अपनी दिव्यांग पत्नी को कंधे पर लेकर पहुंचे एक व्यक्ति को देखकर तुरंत मदद का निर्देश दिया। बता दे कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम चल रहा था। दीनबंधु अपनी पत्नी हीरामणि को अपने कंधों पर बैठाकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे थे। हीरामणि के दोनों पैर कटे हुए थे, जिससे उन्हें चलने-फिरने में परेशानी हो रही थी। जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने इस स्थिति को देखते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों को महिला के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। डीएम के आदेश पर हीरामणि को मौके पर ही एक मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई। जिलाधिकारी ने स्वयं उन्हें कंबल और अंगवस्त्रम भी भेंट किए। इस सहायता से दीनबंधु और उनकी पत्नी ने आभार व्यक्त किया।

दीनबंधु ने कहा कि उन्हें ऐसी मदद की उम्मीद नहीं थी। दंपति ने प्रशासन की संवेदनशीलता की सराहना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर पात्र और असहाय व्यक्ति की मदद करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में कोई भी पात्र दिव्यांग सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे।

10-5-25:Layout 1 1/26/2026 3:05 AM Page 6



# स्नैपचैट के जरिए अश्लील फोटो भेजकर महिला को बदनाम करने की कोशिश

-अज्ञात युवक पर गंभीर आरोप

**समाज जागरण कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने एक अज्ञात युवक पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म स्नैपचैट के माध्यम से व्हाट्सएप पर अश्लील फोटो भेजने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी युवक जानबूझकर उसे ब्लैकमेल करने और समाज में बदनाम करने की नीयत से इस तरह की हरकत कर रहा है। पीड़िता ने रविवार को थाने पहुंचकर दी गई तहरीर में बताया कि पिछले कई दिनों से उसके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात युवक द्वारा स्नैपचैट के जरिए व्हाट्सएप पर लगातार अश्लील और आपत्तिजनक फोटो भेजे जा रहे हैं। महिला का आरोप है कि आरोपी उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। इस मामले को लेकर पीड़िता में भारी आक्रोश और भय का माहौल है। महिला ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी गई है और जांच के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साइबर माध्यम से होने वाले अपराधों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी और दोषी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# शादीशुदा होने के बावजूद विवाह, बंधक बनाकर हत्या की धमकी का आरोप

--पीड़िता ने पति व ससुराल पक्ष के खिलाफ दी तहरीर, पुलिस जांच में जुटी

**समाज जागरण कांधला।**

जनपद बागपत के थाना बिनौली क्षेत्र निवासी एक महिला ने थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि युवक ने पहले से शादीशुदा होने के बावजूद उससे विवाह किया और बाद में सच्चाई सामने आने पर उसे बंधक बनाकर हत्या की धमकी दी गई।पीड़िता ने रविवार को थाने में दी गई तहरीर में बताया कि आरोपी युवक भारतीय रेलवे में कार्यरत है। उसने करीब डेढ़ वर्ष पूर्व उससे शादी की थी और दिल्ली में किराए के कमरे में साथ रह रहा था। जब भी महिला अपने पति से उसे अपने गांव ले चलने की बात करती, तो वह किसी न किसी बहाने से टाल देता था।किसी तरह महिला जब आरोपी के गांव पहुंची तो उसे पता चला कि उसका पति पहले से शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं। इस सच्चाई का विरोध करने पर आरोप है कि पति ने अपने परिजनों के साथ मिलकर महिला को बंधक बना लिया और उसे बोरे में बंद कर नहर में फेंककर हत्या करने की धमकी देते हुए उसके साथ मारपीट की।पीड़िता किसी तरह अपनी जान बचाकर थाने पहुंची और अपने पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है, जांच के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

जनपद में 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमा के साथ मनाया जाएगा। इस संबंध में डीएम अरविंद कुमार चौहान द्वारा कार्यक्रमों की रूपरेखा जारी कर दी गई है। कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 8:30 बजे जनपद के समस्त सरकारी भवनों पर ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके पश्चात 9 बजे महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा। प्रातः 9:30 बजे पुलिस लाइन शामली में मुख्य समारोह आयोजित होगा, जहां ध्वजारोहण के साथ परेड की सलामी ली जाएगी। परंपरागत रूप से सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके बाद 10 बजे समस्त शिक्षण संस्थानों में झंडारोहण किया जाएगा। प्रातः 11 बजे जिला अस्पताल में मरीजों को फल व मिष्ठान वितरित किए जाएंगे। 11:30 बजे वृद्धाश्रम तथा 12 बजे कुष्ठ आश्रम में भी फल-मिष्ठान वितरण कार्यक्रम आयोजित होंगे। दोपहर 1 बजे नगर में भव्य मार्च-पास्ट निकाला जाएगा, जिसमें पुलिस बैंड, स्कूल बैंड, एनसीसी, होमगार्ड्स, स्काउट-गाइड एवं छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। मार्च-पास्ट नगर पालिका परिषद से प्रारंभ होकर विजय चौक पर संपन्न होगा। डीएम ने निर्देश दिए हैं कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखंडता, धर्मनिरपेक्षता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द को मजबूत करने वाले कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रगान, देशभक्ति कार्यक्रम, निबंध, नाटक, विचार गोष्ठी, खेलकूद प्रतियोगिताएं एवं साइकिल रेस आदि आयोजित की जाएंगी। पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों के परिजनों एवं वीरता पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

साथ ही जनसभाओं में संविधान की मूल विशेषताओं, मतदान के महत्व, स्वच्छ पर्यावरण, सीमित परिवार, सामाजिक समरसता एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

# ब्रह्मणान धर्मशाला में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

**समाज जागरण**



शामली। शहर के मोहल्ला धर्मपुरा स्थित ब्रहमणान धर्मशाला में रविवार को एक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित स्वामी यशवीर महाराज ने हिंदू समाज को संगठित होने का आह्वान करते हुए कहा कि एकता ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति है।

उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होना होगा, तभी धर्म और संस्कृति की रक्षा संभव है। इसी क्रम में संघ से पधारे क्षेत्रीय कार्यकारी समिति सदस्य मनीराम ने कहा कि हिंदू एकता ही मूल मंत्र है और समाज को जातिवाद से ऊपर उठकर केवल एक पहचान हिंदू को अपनाना चाहिए। संघ के जिला सह बौद्धिक प्रमुख संजय कुमार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि परिवार में संस्कारों का विकास आवश्यक है, जिससे आने वाली पीढ़ी अपने धर्म और हिंदू स्वाभिमान की रक्षा कर सके। वहीं कुमुद शर्मा ने राष्ट्र को जोड़ने और हिंदू समाज के उत्थान पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता हनुमान धाम के प्रधान सलिल द्विवेदी ने की, जबकि मंच संचालन डॉ. नीलेश वशिष्ठ द्वारा किया गया। सम्मेलन के दौरान सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सुरेश चंद, प्रवीण कुमार, अतुल बंसल, रोबिन गर्ग, अतुल विक्रम कौशिक, पुनीत द्विवेदी, नवीन नामदेव, राजकुमार, मोहित, दीपक, धीरज उपाध्याय, अभिषेक, विशु, प्रमोद, विनीत, प्रमोद नामदेव, शंकर, बिजेंद्र, मुकुल, विनोद तायल उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय महिला वर्ग की अस्मिता वेटलिफ्टिंग लीग आयोजन

**समाज जागरण**




शामली। (फुरकान जंग) खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को शहर के भैंसवाल रोड स्थित जिम में जिला स्तरीय महिला वर्ग की अस्मिता वेटलिफ्टिंग लीग 2025-26 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद भर से आईं 50 महिला वेटलिफ्टरों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर एवं सीनियर वर्ग में किया गया। जूनियर वर्ग में कड़े मुकाबलों के बीच शिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया, जबकि पायल ने रजत पदक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में धर्म फिटनेस जिम की खिलाड़ी तनु ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं आरती एवं निधि ने रजत पदक प्राप्त कर अपनी क्षमता का परिचय दिया।प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए विदेश मलिक, निखिल खैवाल, बबलू उपाध्याय, उधल सिंह, सुशील कुमार एवं जय नारायण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने महिला खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं महिलाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के साथ-साथ आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाती हैं।

कार्यक्रम के आयोजक सचिव गौरव कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतियोगिता के दौरान रेफरी नरेश तोमर, सुनील कुमार, भीम सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। वहीं विकास चौधरी, मयंक, प्रिंस मलिक एवं प्रज्ञा ने आयोजन में सहयोग प्रदान किया।प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को टी-शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर होने वाले अखण्ड भारत सांस्कृतिक महोत्सव की तैयारी पूर्ण

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र/दूधी।अखण्ड भारत सांस्कृतिक मंच के बैनर तले विगत कई वर्षों से हो रहे अखण्ड भारत सांस्कृतिक डांस प्रतियोगिता को लेकर तैयारी पूर्ण हो गई है जिसको लेकर अध्यक्ष संदीप गुप्ता ने बतलाया कि सारी तैयारी पूर्ण हो चुकी है। इस बार कार्यक्रम में बतौर मुख्या तिथि निवर्तमान दुद्धी विधानसभा प्रत्यासी श्रवण सिंह गोंड़ तथा विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख दुद्धी रंजना चौधरी म्योरपुर ब्लॉक प्रमुख मान सिंह गोंड़ उपस्थित रहेंगे।जबकि समारोह की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष दुद्धी तथा इस कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक कमलेश मोहन करेंगे।इस बार एकल डांस में प्रथम पुरस्कार L.E.D TV तथा द्वितीय पुरस्कार में रेंजर साइकिल तृतीय पुरस्कार में मिक्सर ग्राइंडर तथा ग्रुप डांस में 51सौ प्रथम विजेता 31 सौ द्वितीय विजेता 21 सौ तृतीय विजेता सहित सभी प्रतिभागियों को सान्त्वना पुरस्कार भी दिया जाना आप सभी दुद्धी क्षेत्रवासी तहसील प्रांगण में दोपहर 2 बजे अवश्य पहुंच कर सांस्कृतिक महोत्सव का हिस्सा बनें।

# किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह को भव्य श्रद्धांजलि

-121 फुट तिरंगे के साए में एकजुट दिखी सियासत

-किसान मसीहा भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का किया गया अनावरण

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**



कांधला क्षेत्र के गांव भभीसा में भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण समारोह राजनीतिक, सामाजिक और किसान एकता का शक्तिशाली संदेश बनकर उभरा। इस अवसर पर 121 फुट ऊँचा विशाल तिरंगा फहराया गया, जो दूर-दराज से आए हजारों ग्रामीणों के लिए देशभक्ति और किसान स्वाभिमान का प्रतीक बन गया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि भाजपा और राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेताओं ने एक मंच पर आकर संयुक्त रूप से प्रतिमा का अनावरण किया। इससे यह साफ संदेश गया कि चौधरी चरण सिंह की विचारधारा दलों से ऊपर और जनहित से जुड़ी हुई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा एमएलसी मोहित बेनीवाल रहे। मंच पर एमएलसी चौधरी वीरेंद्र सिंह, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल, रालोद विधायक प्रशांत चौधरी, थानाभवन विधायक अशरफ अली खान, पूर्व विधा यक उमेश मलिक, रालोद जिला ध्यक्ष वाजिद अली, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, पूर्व विधायक राव वारिस, वरिष्ठ रालोद नेता सतबीर पंवार, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तरसपाल मलिक तथा क्षेत्रीय महासचिव डॉ. विक्रांत जावला जैसे कद्दावर नेताओं की मौजूदगी ने आयोजन को राजनीतिक रूप से अत्यंत प्रभावशाली बना दिया।सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने चौधरी चरण सिंह को किसानों का सच्चा प्रहरी, ग्रामीण भारत की आवाज और सत्ता में रहते हुए भी सादगी का जीवंत उदाहरण बताया। नेताओं ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने हमेशा नीति को सत्ता से ऊपर और जनसेवा को राजनीति का केंद्र माना। उनके द्वारा किए गए भूमि सुधार और किसान हितैषी फैसले आज भी देश की राजनीति को दिशा देते हैं। आयोजनकर्ता ग्राम प्रधान हरेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में हुरमजपुर, मखमुलपुर, किवाना, मतलावली, भारसी, डाग रौल, रामपुर खेड़ी, कनियान, भनेडा और नाला सहित अनेक गांवों से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण, किसान और युवा पहुंचे, जिससे पूरा क्षेत्र जनसैलाब में तब्दील हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर ब्रह्मसिंह सरपंच ने की, जबकि संचालन योगेंद्र सिंह ने प्रभावशाली ढंग से किया। समारोह ने यह स्पष्ट कर दिया कि चौधरी चरण सिंह केवल इतिहास नहीं, बल्कि आज की राजनीति के लिए भी प्रेरणा स्रोत हैं, और उनकी विचारधारा आज भी गांव, किसान और आम आदमी के दिलों में जीवित है। इस अवसर पर बुड़ियान खाप के चौधरी सचिन जावला, प्रधान सोम गीरी, बिजेंद्र जावला, सारिका चौधरी, योगेश, टीनू, सौरव चौधरी, गौरव मलिक, बिट्टू मलिक और मांगेराम मलिक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# संघर्ष प्रकरण में दोनों पक्षों का क्रॉस मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। दो पक्षों में संघर्ष के प्रकरण में पुलिस ने क्रॉस मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला दरबारखुर्द रेतावाला निवासी निजामुद्दीन ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। बताया कि शनिवार दोपहर करीब एक बजे उसका भाई नसीबुद्दीन व भतीजे अहसान और शादाब दो बाइक द्वारा मोहल्ले में जा रहे थे। इस दौरान मोहल्ले के ही साहिब, मुनव्वर, दिलदार, लालवा, वाजिद व रिहान ने उसके भाई एवं भतीजों को रोक लिया। आरोपियों ने गाली–गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने लोहे की रॉड और धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिस कारण नसीबुद्दीन और भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गए। सिर में गंभीर चोट के चलते नसीबुद्दीन का उपचार मेरठ मेडिकल में कराया जा रहा है। जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से भी मुकदमा दर्ज कराया गया। बताया कि उनके मोहल्ले में हाफिज अब्बास की चाऊमीन व परचून की दुकान है। बराबर में ही उसके भाई की भी परचून की दुकान है। परचून की दुकान पर उसकी भाभी बैठी हुई थी। इस दौरान चाऊमीन की दुकान पर आने वाले युवकों ने छेड़खानी की। उसका भाई आया, तो आरोपियों ने उसके ऊपर हमला कर दिया। तभी आरोपी अब्बास ने आशिक उर्फ भूरा, बालू, आसिफ, जीशान, अहसान, नसबुद्दीन को बुला लिया। आरोपियों ने गाली–गलौज करते हुए लोहे के पाइप और धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिस कारण उसके पक्ष के तीन लोग घायल हुए। पुलिस ने मामले में अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# प्रशासन ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**समाज जागरण**

कैराना। मतदाताओं को उनके अधिकारों एवं दायित्वों के प्रति जागरूक करने के लिए तहसील प्रशासन ने नगर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली।



रविवार को तहसीलदार अर्जुन सिंह चौहान के नेतृत्व में नगर के पब्लिक इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान लोगों को मतदान का महत्व बताया गया। रैली के दौरान मतदान हमारा अधिकार है, अच्छे लोकतंत्र के लिए मतदान अनिवार्य है आदि प्रेरक नारों के माध्यम से जागरूक किया गया। इस अवसर पर तहसील के अन्य अधिकारी और कॉलेज के अध्यापक मौजूद रहे।

# शामली क्राउन द्वारा युगल क्राउन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा युगल क्राउन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 18 संस्थाओं की कुल 24 टीमों के खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। देर रात्रि शहर के करनाल रोड पर आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने किया। उन्होने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं अनुशासन, भाईचारे एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती हैं। इस प्रतियोगिता में नगर की 18 संस्थाओं की कुल 24 टीमें भाग ले रही हैं, जो आयोजन की व्यापक स्वीकार्यता को दशार्ता है। टूनामेंट के मैच कॉर्डिनेटर की भूमिका क्लब अध्यक्ष गौरव मित्तल द्वारा निभाई गई। प्रतियोगिता में 24 टीमों को चार ग्रुपकृए, बीसी एवं डीमें विभाजित किया गया है। ग्रुप ए की टीमें ग्रुप बी से तथा ग्रुप सी की टीमें ग्रुप डी से प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। सभी मुकाबले बेस्ट ऑफ थ्री के आधार पर खेले गए। प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन टीम-2 (अनिल कुमार-संजीव कुमार) ने लायंस क्लब उज्ज्वल टीम-2 (आलोक संगल-नीरज गोयल) को 21-6 व 21-9 से पराजित किया। दूसरे मैच में यूपी उद्योग व्यापार मंडल के सुमित तोमर व आशीष जैन ने श्री श्याम मित्र मंडल परिवार के सुधीर मलिक व नवीन बलियान को 21-17 व 21-7 से हराया।

तीसरे मुकाबले में बीवीपी मेन टीम-2 (डॉ. केपी पंवार व अनिल निर्वाल) ने रोटरी क्लब शामली स्टार टीम-2 को 21-12 व 21-9 से शिकस्त दी। चौथा मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें बीवीपी मानव (रोहित व तुषार मलिक) ने ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज टीम-2 को निर्णायक सेट में 21-12 से हराया। आगे खेले गए मुकाबलों में यूपी उद्योग व्यापार मंडल टीम-1 (तरुण शर्मा व नितिन मलिक) ने भारतीय विद्यार्थी संगम को, वहीं यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन के डॉ. रजत देशवाल व संजय कुमार ने श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समिति को पराजित किया। कुछ टीमों के अनुपस्थित रहने के कारण लायंस क्लब उज्ज्वल टीम-1, बीवीपी मिलाप, सायमा, बीवीपी मेन एवं लायंस क्लब नारायण को सीधे क्वार्टर फाइनल में प्रवेश मिला। लीग का अंतिम मुकाबला ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज टीम-1 ने संकल्प विकास समिति को 21-3 व 21-9 से जीतकर अपने नाम किया।

# रास्ते के विवाद को लेकर मारपीट

**समाज जागरण**

कैराना। गांव सहपत निवासी मोनू ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने अपने प्लॉट पर मकान बना रखा है। मकान के आगे उसकी खाली जगह पड़ी हुई है। विपक्षी उसकी जगह पर जबरदस्ती अपना रास्ता लेना चाहते हैं। इसी रंजिश में दो जनवरी को दीपक, सत्ता, नीरज, संजय, रवि, प्रेम, विक्रम व गोविंद वहां आए तथा घर में घुसकर उसके ऊपर लोहे के पाइप से हमला कर दिया। बाद में आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कैराना। शनिवार रात पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव भूरा के पास बंद पड़ी पटाखा फैक्ट्री से एक फूल कुमार निवासी गांव अकबरपुर सुन्हेटी को गिरफ्तार कर लिया, जिसके कब्जे से पांच लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

# दो अलग-अलग स्थान से चार जुआरी पकड़े

**समाज जागरण**

कैराना। शनिवार शाम पुलिस ने नवाब तालाब के पास से वाजिद निवासी मोहल्ला पीरजादगान व समीर निवासी मोहल्ला आलखुर्द को 1420 रुपये की नगदी, सट्टा पर्ची और पेंसिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा शामली बाईपास के निकट से महफूज निवासी मोहल्ला आलखुर्द व मोहम्मद उमर निवासी मोहल्ला अफगानान को भी गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 1080 रुपये की नगदी, सट्टा पर्ची और पेंसिल बरामद हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# प्राइवेट हॉस्पिटल में महिला की मौत, परिजनों का हंगामा

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) रविवार को शहर के मुंडेट रोड स्थित एक प्राईवेट हॉस्पिटल में महिला की मौत के बाद हंगामा हुआ। सूचना पर पहुंची थाना आदर्शमंडी और कोतवाली पुलिस ने हंगामा कर रहे परिजनों व ग्रामीणों को शांत किया। बाद में परिजन बिना किसी कानूनी कार्यवाही के शव को अपने साथ लेकर चले गए।

थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव बधेव निवासी विपिन ने अपनी 33 वर्षीय पत्नी रचना को सीने में दर्द होने के कारण तीन दिन पूर्व मुंडेट रोड स्थित मां गोदावरी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। उपचार के बाद महिला को छुटटी दे दी गई थी। लेकिन गत शनिवार को महिला को दोबारा परेशानी होने पर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, लेकिन उसको कोई आराम नही मिला। रविवार सवेरे चिकित्सकों ने महिला की हालत में सुधार न होने पर करनाल के लिए रेफर कर दिया गया, लेकिन करनाल में चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन महिला के शव को लेकर हॉस्पिटल पहुंचें और चिकित्सक पर लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर सीओ सिटी अपेक्षा निंबाडिया, थाना आदर्शमंडी प्रभारी बीनू सिंह, शामली कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और हंगामा कर रहे परिजनों को समझा बुझाकर शांत किया। बाद में परिजन चिकित्सक से समझोता हो जाने पर बिना किसी कानूनी कार्यवाही के लौट गए। महिला की शादी चार वर्ष पूर्व हुई थी, जिसके दो बच्चे है, जिसमें एक 25 दिन का और दूसरा दो वर्ष का बेटा है।

महिला की मौत के बाद जहां चिकित्सक और परिजनों में समझोता हो गया था वही मामूली कहासुनी के बाद कुछ लोगों की चिकित्सक स्टाफ के साथ मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के मारपीट होने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को फटकार लगाते हुए तितर बितर गया। जिसके बाद दोनों पक्ष वहां से लौट गए। हॉस्पिटल स्टाफ ने अकारण हॉस्पिटल में घुसकर झगडा करने का आरोप लगाया है।

# हाथीनाला क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार रात भर तड़पते रहे, मोबाइल टावर न होना बनी समस्या

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। दुद्धी तहसील क्षेत्र के हाथी नाला जंगल में बीती रात करीब 10 बजे बाइक से ससुराल जा रहे दो युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे युक्त झाड़ियों में जा गीरी। जिससे दोनों को गंभीर चोटें आई रात के अंधेरे और जंगल के कारण पूरी रात दोनों मदद की गुहार लगाते रहे परंतु कोई भी राहगीर या गाड़ी वाला उनके मदद को नहीं आया। उस जंगल में मोबाइल टावर भी काम नहीं करता, जिसके कारण मोबाइल होने के बावजूद हो अपने परिवार वालों से संपर्क नहीं कर पाए। आज सुबह करीब 8:00 बजे कुछ राहगीर उधर से जा रहे थे कुछ लोगों का रोता हुआ आवाज सुनकर झाड़ियो के पास गए, जहां उन्हें दो लोग घायल अवस्था में रोते बिलखते मिले। तत्काल उन्होंने राहत पहुंचाने हेतु उनसे उनका घर का पता पूछा और मोबाइल नंबर लेकर कुछ आगे जाकर उनके परिवार वालों से संपर्क कर इस घटना की सूचना दी। सूचना पाने के तुरंत बाद परिवार वाले एंबुलेंस लेकर वहां पहुंचे तथा दोनों घायलों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी लेकर पहुंचे। जहां मौजूद चिकित्सक डॉ विनोद सिंह ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक इलाज करने के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। दोनों घायलों की पहचान राजन पनिका उम्र करीब 27 वर्ष पुत्र राजदेव पानी का तथा शिवम पटेल उम्र करीब 22 वर्ष पुत्र अरविंद पटेल दोनों निवासी रजखड़ गांव के रूप में हुआ। घटना के बाबत बताया गया कि राजन पनिका रात को अपने ससुराल कोटा जा रहा था। इस दौरान राजन ने अपने दोस्त शिवम पटेल को भी साथ में ले लिया और दोनों पल्सर बाइक से कोटा जाने लगे तभी हाथी नाला के जंगल में दोनों की बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढा युक्त झाड़ियां में जा गिरा। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों घायलों ने बताया कि रात भर हम दोनों अपने मदद के लिए आने जाने वाले गाड़ियों राहगीरों को आवाज देते रह गए, परंतु कोई भी हमारी मदद को नहीं आया। रात भर हम दोनों इतने ठंडे में दर्द से रोते रहे परंतु कोई भी नहीं आया। यहां पर मोबाइल टावर भी नहीं काम कर रहा था। जिससे अपने घर वालों को मदद के लिए बुला ले, हम लोग को तो लगा कि दर्द के मारे हम दोनों की जान चल जाएगी। बता दें कि दुद्धी से हाथी नाला के बीच करीब 18 किलोमीटर मोबाइल का कोई भी नेटवर्क काम नहीं करता, जिसके कारण कई हद से होने के बाद कइयों की जान जा चुकी है। अभी कुछ वर्ष पूर्व एक दरोगा का भी इस जंगल में एक्सीडेंट हुआ था मोबाइल टावर ना होने के वजह से और समय पर इलाज न मिलने के कारण उसकी जान चली गई थी। लोगों ने इस जंगल में मोबाइल नेटवर्क की व्यवस्था करने की मांग की है ताकि कभी भी किसी भी अपरिहर कारणों से किसी की मौत ना हो सके और कुछ घटनाएं घटने से पहले मोबाइल के माध्यम से जानकारी मिल जाए।

# भीषण सड़क हादसा में 3 की मौके, 2 घायल गंभीर

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**

सोनभद्र। म्योरपुर थाना क्षेत्र के किरबिल गांव में रविवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। बीजपुर-मुर्धवा मार्ग पर विषघरवा टोला के पास एक कार और पिकअप वाहन की आमने-सामने जोरदार टक्कर हुई।

यह हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में कार सवार एक महिला समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद एक व्यक्ति कार में फंस गया था, जिसे म्योरपुर पुलिस और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। मौके पर मौजूद पुलिस और 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है।

मृतकों की पहचान की जा रही है, जो बीजपुर थाना क्षेत्र के चेतवानी गांव के बताए जा रहे हैं। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार को दुर्घटना की वजह माना जा रहा है।

10-5-25:Layout 1 1/26/2026 3:05 AM Page 7



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग अनूपपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
महिला एवं बाल विकास विभाग अनूपपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संत जोसेफ इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल बिजुरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आशीष वर्मा एसडीओ जल संसाधन विभाग शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विवेकानंद तिवारी एसडीओ जल संसाधन विभाग शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुंदरेष मरावी थाना प्रभारी चचाई

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कल्याणीका शिक्षा निकेतन अमरकंटक जिला अनूपपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
खनिज विभाग अनूपपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जल संसाधन विभाग अनूपपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मेंद्र चौबे संविदाकर अनूपपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्र अधिकारी अनूपपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वन परीक्षेत्र अधिकारी गोदावल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आशुतोष अग्रवाल जिला भाजपा अध्यक्ष उमरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती अमिता चपरा जिला भाजपा अध्यक्ष शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नगर परिषद डूमरकछार सुनील चौरसिया उपाध्यक्ष कंचन मेहता

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्र अधिकारी बिजुरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनूपपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नगर परिषद जैतहरी
अध्यक्ष उमंग गुप्ता, सीएमओ भूपेंद्र सिंह एवं समस्त पार्षद

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालन यंत्री phe.शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विवेक तिवारी एसडीओ पीएचई शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद अनूपपुर
उमेश पांडे जिला समन्वयक

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुदित श्रीवास्तव समाजसेवी अनूपपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर जैतहरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
महाप्रबंधक SECI सोहागपुर एरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्र अधिकारी मानपुर जिला उमरिया म.प्र.

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्र अधिकारी चंदिया जिला उमरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नगर परिषद डोला
अध्यक्ष रेनू कोल उपाध्यक्ष रवि तिवारी सीएमओ राजेश परस्ते

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नगर पालिका बिजुरी
अध्यक्ष सहबीन पनीका, उपाध्यक्ष प्रीति शर्मा सीएमओ पवन साहू

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नगर परिषद बकहो
अध्यक्ष मौसमी केवट
उपाध्यक्ष वैभव विक्रम सिंह
सीएमओ नीलम तिवारी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नगर परिषद मानपुर
अध्यक्ष भारती सोनी
सीएमओ राजेंद्र कुशवाहा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नगर पालिका परिषद उमरिया
अध्यक्ष रश्मि सिंह, उपाध्यक्ष अमृत लाल यादव, सीएमओ किशन सिंह

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
खनिज विभाग शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुख्य अभियंता संजय गांधी ताप विद्युत ग्रह मंगठिर उमरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
k.k.power.
संजय गांधी ताप विद्युत गृह

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जल संसाधन विभाग शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्र अधिकारी अमझोर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जानू भाई जान समाजसेवी अनूपपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मुख्य अभियंता
अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बलराम जाटव
कार्य पालन अभियंता chpपावर प्लांट चचाई

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दीपक साहू एसडीओ phe
अनूपपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्र अधिकारी केशवाही

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर
प्राचार्य डॉ धर्मेंद्र द्विवेदी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कोयला मजदूर सभा सोहागपुर
अध्यक्ष राकेश पांडे, महामंत्री नीरज चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष रामायण द्विवेदी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनीश भाईजान समाजसेवी शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
abhayraj.day.care
Saraikapa(burhar)Pro.
dr.upendra kumar

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
खनिज विभाग उमरिया

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिवानी पैरामेडिकल कॉलेज शहडोल
संचालक डॉ. डीके द्विवेदी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विवेकानंद पैरामेडिकल कॉलेज मेडिकल कॉलेज के पास शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ शिल्पी सराफ
सिविल सर्जन
जिला चिकित्सालय शहडोल

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शासकीय नेहरू महाविद्यालय बुढार प्राचार्य श्रीमती गंगा मिश्रा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हीरा सिंह श्याम
जिला भाजपा अध्यक्ष अनूपपुर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देसी विदेशी कंपोजिट दुकान बुढार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देसी विदेशी कंपोजिट दुकान बकहो

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Rktc.company
Amlai ocm

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
abdul.rahman
Contractor..chacai

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुजा मिश्रा
प्राचार्य शासकीय हायर सेकेंडरी अमरकंटक

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नगर पालिका परिषद धनपुरी
अध्यक्ष रविंद्र कौर, उपाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल, सीएमओ पूजा बुनकर

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पटना कला
प्राचार्य विपिन एक्वा एवं समस्त स्टाफ

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नगर पालिका परिषद व्यौहारी अध्यक्ष श्री कृष्ण गुप्ता, उपाध्यक्ष श्रीमती चंद्रकली पटेल ,सीएमओ शरद गौतम एवं समस्त पार्षद

कार्यालय नगर पालिका परिषद पाली जिला उमरिया की ओर से समस्त देश वासियों को गणु दिवस,हार्दिक शुभकामनाएं।

अपील
हर घर तिंरगा लगायें।

नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये
एक पेड़ मां के नाम लगाएं।
नगर पालिका के करो का भुगतान समय पर करें।

शुभेच्छु
अध्यक्ष
सुश्री शकुंतला प्रधान

उपाध्यक्ष
राजेश पटेल

मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र सिंह पेन्द्रों

# पर्यावरणविद एवम अधिवक्ता अच्युत सुरेंद्र सिंह परिहार ने ली प्रेस कॉन्फ्रेंस,आंदोलनकारी रेत माफियाओं पर लगाए गंभीर आरोप

**समाज जागरण**



मुख्यालय स्थित स्वाद रेस्टोरेंट में पर्यावरणविद एवं अधिवक्ता अच्युत सुरेंद्र सिंह परिहार द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने जिले में अवैध रेत खनन को लेकर प्रशासनिक सख़्ती का समर्थन करते हुए रेत माफियाओं पर गंभीर आरोप लगाए।उन्होंने कहा कि प्रशासन एवं पुलिस द्वारा अवैध रेत खनन पर की जा रही सख़्त कार्रवाई से रेत माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। कार्रवाई से बौखलाकर माफियाओं ने पहले संबंधित कंपनी पर अनुचित लाभ लेने का दबाव बनाया, लेकिन जब उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो अब अनशन और आंदोलन की आड़ लेकर जन भावनाओं से खेलने का प्रयास किया जा रहा है।परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि मानपुर जनपद के ग्राम पड़वार में हरफल एवं भदार नदी के संगम स्थल के समीप इन दिनों नदी बचाओ आंदोलन किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस आंदोलन की आड़ में कुछ रेत माफिया और असामाजिक तत्व अवैध रेत खनन को सही ठहराने तथा प्रशासन पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं।प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि कथित अनशन में शामिल रवि सेन पर दर्जनों अवैध रेत चोरी सहित अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं रामायण तिवारी पर खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत खनन एवं परिवहन के मामले में 2 करोड़ 38 लाख रुपये की रिकवरी का आदेश पहले ही पारित किया जा चुका है।उन्होंने कहा कि इन तथ्यों से यह स्पष्ट होता है कि आंदोलन और अनशन की आड़ में सामने आ रहे ये लोग असामाजिक तत्वों की श्रेणी में आते हैं और लगातार कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं।पर्यावरणविद अच्युत सुरेंद्र सिंह परिहार ने जिला प्रशासन से मांग की कि ऐसे असामाजिक एवं आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर सख़्त कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने आम जनता से अपील की कि रेत माफियाओं द्वारा फैलाए जा रहे भ्रामक और झूठे माहौल से सावधान रहें तथा जिले के विकास में योगदान देने वाली वैध संस्थाओं, विशेषकर महाकाल मिनरल्स, को समर्थन दें।

# रंजिश में मजदूर की हत्या का नगराम पुलिस टीम ने किया खुलासा......

**समाज जागरण**
**विवेक कुमार संवाददाता**



नगराम। लखनऊ,नगराम थाना क्षेत्र के गुलालखेड़ा गांव में मजदूर युवक की नृशंस हत्या के मामले का पुलिस ने रविवार को सफल खुलासा कर दिया। रंजिश के चलते अंडा दुकानदार ने नशे की हालत में पड़े युवक को लोहे की रॉड से सिर पर वार कर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने आरोपी को आलाकत्ल सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार गुलालखेड़ा निवासी ओमप्रकाश की गुरुवार की रात करीब आठ बजे घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रातभर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।शुक्रवार सुबह खोजबीन के दौरान परिजन गांव के पास शारदा नहर की बाई पटरी पर पहुंचे, जहां अंडा रोल की दुकान चलाने वाले अरविंद के तिरपाल के पास ओम प्रकाश की चप्पल मिली। आस पास तलाश करने पर नहर पटरी के नीचे झाड़ियों में ओमप्रकाश का शव खून से लथपथ अवस्था में पड़ा मिला। घटना से गांव में सनसनी फैल गई।सूचना पर पहुंची नगराम पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की मां गीता की तहरीर पर पुलिस ने नामजद पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की थी।रविवार को मामले का खुलासा करते हुए एडीसीपी रल्ला पल्ली वसन्थ ने बताया कि सर्विलांस सेल सहित गठित पुलिस टीमों ने टेक्निकल व मैनुअल साक्ष्यों तथा मुखबिर की सूचना के आधार पर घटना में संलिप्त गुलालखेड़ा निवासी अरविंद कुमार उर्फ अरुण को गिरफ्तार किया है।पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक ओमप्रकाश और आरोपी अरविंद के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। करीब दो माह पहले दोनों के बीच कहासुनी हुई थी, तभी से आरोपी मन में रंजिश पाले हुए था। एडीसीपी के अनुसार गुरुवार देर शाम ओमप्रकाश अपने साथियों मन्नू, मोनू, आशीष गौतम और पवन के साथ अरविंद की दुकान पर अंडा खाने और शराब पीने पहुंचा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर आरोपी ने ओमप्रकाश पर तंज कसा। अधिक नशे में होने के कारण ओमप्रकाश वहीं जमीन पर लेट गया। उसके साथियों ने उसे उठाने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहने पर सभी अपने-अपने घर चले गए और अरविंद भी दुकान समेटकर चला गया।पुलिस के मुताबिक आरोपी को यह मौका बदला लेने के लिए मुफीद लगा। देर रात वह घर से लोहे की पाइप लेकर झाड़ियों के रास्ते वापस दुकान के पास पहुंचा, नशे में पड़े ओमप्रकाश को नहर पटरी से नीचे घसीटकर ले गया और लोहे की पाइप से सिर पर कई वार कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।एसओ नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि आरोपी अरविंद कुमार उर्फ अरुण को अचलीखेड़ा बैराज के पास से गिरफ्तार किया गया है। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे की पाइप और घटना के समय पहनी गई जींस पैंट बरामद की गई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।पुलिस का कहना है कि मामले में विधिक कार्रवाई पूरी कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# चाइनीज मांझे की चपेट में आने से एक घायल आखिर क्यों बंद नहीं हो रहा चाइनीज मांझा

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

नजीबाबाद। नगर के मौहल्ला दीवान परमानन्द निवासी बाइक सवार आशुतोष कात्यायन के हाथ की अंगुली व अंगूठा चायनीज मांझे की चपेट में आ गया और गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसका उपचार किया गया, इतना ही नहीं कई लोग चायनीज मांझे की चपेट में आकर चोटिल हो चुके है, पंकज शर्मा ने बताया कि चायनीज मांझे की मजबूती का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि स्कूटी के टायर में फंसते ही स्कूटी



जाम हो गई और वे गिरते गिरते बाल बाल बचे। पूर्व में एक युवक की ओवर ब्रिज पर मांझे की चपेट में आकर गर्दन कट गई थी, अब प्रश्न यह उठता है कि पुलिस व प्रशासन अंकुश लगाने के लिये ठोस कदम क्यों नहीं उठाता है, कपिल मिश्रा का कहना है कि चाइनीज मांझा कहा बन रहा है या यदि कहीं से एक्सपोर्ट होकर आ रहा है तो एसा कैसे हो रहा है, जो बड़ा सवाल है, बिना सरकार की मर्जी के कोई भी वस्तु एक देश से दूसरे देश में कैसे जा सकती है वह भी बिक्री के लिए व्यापार के लिए इससे तो यही लग रहा है कि सरकार की मंशा ही नहीं है कि यह चाइनीस मांझा जो आए दिन लोगों की जान ले रहा है बंद किया जाए। द्रोणा इंटरनेशनल एकेडमी के डायरेक्टर वसीम अहमद बख्श ने कहा कि पतंगबाजी के दौरान अक्सर जब पतंग कट कर गिरने लगती है, तो उस दौरान कई बार लोगों के हाथ सीने गर्दन आदि से रगड़ने से ये धारदार मांझा जहां लोगों को घायल कर देता है, इसकी बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाना चाहिए।

# विवादित संपत्ति पर प्रशासन का कड़ा रुख जामा मस्जिद के सामने भूमि की चारों ओर तारबंदी

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**




स्योहारा नगर के मोहल्ला जुमरात के बजार स्थित जामा मस्जिद के सामने स्थित एक संपत्ति को लेकर लंबे समय से चला आ रहा विवाद शनिवार को उस समय निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया, जब नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल की मौजूदगी में तहसील प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए उक्त संपत्ति को चारों ओर से तारबंदी कर अपने संरक्षण में ले लिया।
प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। लंबे समय से विवाद और संभावित कब्जे को लेकर चचाओं में रही इस संपत्ति पर किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण, कब्जा या छेड़छाड़ की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने यह कदम उठाया। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वामित्व संबंधी जांच पूरी होने तक यह संपत्ति प्रशासन की निगरानी और संरक्षण में रहेगी। बिना अनुमति किसी भी व्यक्ति द्वारा भूमि पर किसी भी प्रकार की गतिविधि पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
अधिकारियों की मौजूदगी और पुलिस-प्रशासन की सतर्कता के चलते पूरे अभियान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया। मौके पर मौजूद लोगों में इस कार्रवाई को लेकर चर्चा का माहौल बना रहा, वहीं प्रशासनिक सख्ती को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं भी देखने को मिलीं। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि यह कदम पूरी तरह कानून के तहत, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ उठाया गया है। प्रशासन का उद्देश्य किसी भी पक्ष को लाभ या नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए विवादित संपत्ति को सुरक्षित रखना है, ताकि जांच प्रक्रिया बिना किसी दबाव के पूरी की जा सके।
इस कार्रवाई से यह साफ संदेश गया है कि स्योहारा नगर में विवादित संपत्तियों को लेकर किसी भी तरह की मनमानी, अवैध कब्जे या निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कानून के दायरे में रहकर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विकासखंड कार्यालय में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई एस आई आर फॉर्म मामलों की विशेष सुनवाई

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

स्योहारा विकासखंड कार्यालय उस समय प्रशासनिक सक्रियता का केंद्र बन गया, जब खंड विकास अधिकारी विक्रम सिंह की सशक्त पहल पर एस आई आर फॉर्म से जुड़े मामलों की विशेष एवं सुनियोजित सुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान नोटिस प्राप्त लाभार्थियों को व्यक्तिगत रूप से कार्यालय बुलाकर न केवल उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनी गईं, बल्कि प्रस्तुत दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया। प्रशासन द्वारा कुल 147 लाभार्थियों को नोटिस जारी किए गए थे। हालांकि निर्धारित तिथि पर 36 लाभार्थी ही उपस्थित हुए, लेकिन जो भी लाभार्थी पहुंचे, उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा गया। दस्तावेज पूर्ण व सही पाए जाने पर कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जिससे लाभार्थियों के चेहरे पर संतोष और राहत साफ नजर आई। खंड विकास अधिकारी विक्रम सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रशासन का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि वास्तविक और पात्र लाभार्थियों को उनका वैधानिक अधिकार दिलाना है। उन्होंने बताया कि जिन मामलों में दस्तावेज अधूरे पाए गए हैं, उन्हें एक और अवसर दिया जाएगा और जल्द ही पुनः तिथि निर्धारित कर निष्पक्ष सुनवाई की जाएगी।
उन्होंने यह भी कहा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता, निष्पक्षता और नियमों के अनुरूप संचालित की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही खंड विकास अधिकारी ने सभी लाभार्थियों से अपील की कि वे अफवाहों से बचें, प्रशासन पर विश्वास रखें और नोटिस में अंकित तिथि पर सभी आवश्यक व सही दस्तावेजों के साथ कार्यालय में उपस्थित हों। इस विशेष सुनवाई से यह स्पष्ट संदेश गया कि स्योहारा विकासखंड प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर है और सरकारी योजनाओं का लाभ सही व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

# एम्स हॉस्पिटल में भर्ती व्यक्ति की मृत्यु के बाद परिवार की सहमति से किया गया अंग दान

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद देहरादून**



ऋषिकेश बिहार के रहने वाले रघु पासवान वर्तमान मे लगभग 20-25 साल से उत्तराखंड के ऋषिकेश मे रह रहे थे जो राज मिस्त्री का काम करते थे जिनकी उम्र लगभग 45 साल थी काम करने के दौरान अचानक वह जमीन पर गिर पड़े और सर पर गंभीर चोट लगने के कारण उन्हें एम्स हॉस्पिटल ऋषिकेश मे भर्ती कराया गया लगभग एक सप्ताह बाद इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई मृत्यु की खबर सुनते ही परिवार मे कोहरा मच गया और वह तुरंत ऋषिकेश पहुंचे उनके परिवार मे उनकी पत्नी तीन बेटियां व तीन बेटे है ऋषिकेश के मेयर शंभू पासवान उनके करीबी रिश्तेदार बताए जाते है उनकी मौत की खबर सुनकर वह भी वहां पहुंचे उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार वालो का ढांढस बंधाया शंभू पासवान ने मृतक के परिवार वालो से अंगदान को लेकर वार्ता की जिससे उनके परिवार वालो की पूर्ण सहमति बन गई और अंगदान के लिए तैयार हो गए एम्स हॉस्पिटल के डॉक्टरो ने उनकी इच्छा अनुसार परिवार वालो की सहमति से मृतक के शरीर के महत्वपूर्ण अंग निकाल कर उन लोगों को निशुल्क दान कर दिए गए जो गंभीर रूप से बीमारी से पीड़ित थे और उन्हें शरीर के महत्वपूर्ण अंग की जरूरत थी परिवार वालों ने मृतक का अंतिम संस्कार किया जनता ने इस अंगदान को लेकर मृतक के परिवार वालो की सराहना की और मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की इस मौके पर एम्स हॉस्पिटल की डायरेक्टर नीलू सिंह ऋषिकेश के मेयर शंभू पासवान अस्पताल के डॉक्टर आदि स्टाफ मौजूद रहा

# दवाई लेकर लौट रहे मां-बेटे की सड़क हादसे में मौत, गांव में पसरा मातम

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

नहटौर क्षेत्र में हुए एक हृदयविदारक सड़क हादसे में दवाई लेकर घर लौट रहे मां-बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने कुछ समय के लिए जाम लगाकर प्रशासन से कार्रवाई और मुआवजे की मांग की। जानकारी के अनुसार नहटौर थाना क्षेत्र के गांव रुखड़ियों निवासी शिवम (18 वर्ष) पुत्र ओमप्रकाश अपनी मां बीना देवी (45 वर्ष) पत्नी ओमप्रकाश के साथ दवाई दिलाने के लिए बिजनौर गए थे। मंगलवार शाम दोनों बाइक से घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे नहटौर मार्ग पर गांव बिलाई के पास पहुंचे, अचानक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई



और सड़क किनारे खड़ी गन्ने की मेंल्ली से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मां-बेटे की एक साथ मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में मातमी सन्नाटा छा गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इसके बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने गांव में जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर सीओ धामपुर अभय कुमार पांडे और थानाध्यक्ष धीरज नागर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।अधिकारियों ने परिजनों से वार्ता कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और नियमानुसार मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम समाप्त कराया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने गणतंत्र दिवस की दी बधाई

**समाज जागरण**

उमरिया। 26 जनवरी को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की 77वें वर्षगांठ के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने समस्त जिलेवासियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि आज के ही दिन हमारे देश का संविधान बनाया गया था,संविधान हमारे राष्ट्र की आत्मा है और उसके मूल्यों की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का सर्वोच्च कर्तव्य है। इस राष्ट्रीय पर्व पर हम सभी कार्यकताओं को यह संकल्प लेना चाहिए कि लोकतंत्र की मजबूती, सामाजिक समरसता तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता को सुदृढ़ करने हेतु निरंतर योगदान देते रहेंगे।

**यहां करेंगे झंडावंदन**

भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर भाजपा नगर मंडल के द्वारा आयोजित नगर के जयस्तंभ चौक में सुबह 8 बजे झंडा वंदन करेंगे। इसके पश्चात श्री अग्रवाल के द्वारा जिला भाजपा कार्यालय भरौली में प्रातः 8:30 बजे झंडावंदन कर राष्ट्रगीत का गायन कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा। इस दौरान भाजपा के जिला पदाधिकारी, नगर मंडल के पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# मतदाता दिवस पर बच्चों की रैली संग शपथ दिलाकर उत्कृष्ट बीएलओ का हुआ सम्मान

**समाज जागरण अनिल कुमार**
**हरहुआ वाराणसी।।**



राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोग के आदेश तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी / एसडीएम सदर नितिन सिंह (IAS) द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में शिवपुर विधानसभा 386 के अंतर्गत रामेश्वर महादेव इंटर कॉलेज चांदमारी वाराणसी के प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के समस्त स्टाफ, समस्त बीएलओ सुपर वाइजर व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती पूजन वंदना व अतिथियों के माल्यार्पण के साथ हुआ। विद्यालय में उपस्थित सभी कार्मिकों, सुपर वाइजर , बीएलओ तथा बच्चों को मतदाता दिवस पर शपथ दिलाई तथा रैली निकाली गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट का कार्य करने वाले बीए लओ क्रमशः राकेश भारती,आरती गुप्ता ,प्रमिला देवी ,प्रतिभा सिंह,और रानी देवी को प्रमाण पत्र और निर्वाचन बैग देकर सम्मानित किया गया। तथा नए बने मतदाता सुश्री नेहा विश्वकर्मा व राहुल यादव को उनका स्वागत करते हुए एपिक कार्ड उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 386 शिवपुर /खंड शिक्षा अधिकारी हरहुआ पंकज कुमार द्वारा विचार व्यक्त किए गए साथ ही विद्यालय के प्रवक्ता सत्येंद्र कुमार सिंह ,न्याय पंचायत नोडल मनोज कुमार सिंह सुपर वाइजर लालसा मिश्रा ,अरुण चौहान विनोद कुमार द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए अच्छे मतदाता बनने की आवश्यकता और आज के कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर बल दिया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रवक्ता सत्येंद्र सिंह द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# खड़ी मैजिक से टकराकर बाईक सवार गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**
**रामेश्वर वाराणसी।।**



जंसा थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक सड़क हादसे में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पंच कोसी मार्ग पर हरिहरपुर गांव के समीप एक खड़ी मैजिक वाहन में पीछे से तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद बीएचयू ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है।टक्कर इतनी भीषण थी कि यूपी 65बी आर 9502 बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल हाथी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे बीएचयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। घायल युवक की पहचान टिकरी गांव निवासी मंजय कुमार के रूप में हुई है।प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार, मैजिक वाहन सड़क किनारे खड़ा था और पीछे से आ रही बाइक को खड़े वाहन का अंदाजा नहीं हो सका। तेज रफ्तार और लापरवाही को भी हादसे का कारण माना जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# व्यापारियों का हित उनकी जागरूकता ,संवेदनशीलता पर निर्भर है

**समाज जागरण अनिल कुमार**




हरहुआ वाराणसी। व्यापारियों का हित उनकी जागरूकता,संवेदन शीलता पर निर्भर है। उक्त बातें आर्थिक आरोग्यम के मास्टर ट्रेनर लोकेश तिवारी ने हरहुआ में प्रशिक्षण के दौरान व्यक्त की। आज हरहुआ व्यापार मंडल द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम सकुशल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के व्यापारियों को सरकार द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विशेष रूप से उद्यम रजिस्ट्रेशन, जीएसटी तथा सरकार द्वारा लोन पर मिलने वाली सब्सिडी सहित अन्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।
कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों को जीएसटी से संबंधित उनकी शंकाओं एवं प्रश्नों को रखने का अवसर मिला, जिनका विशेषज्ञों द्वारा सरल एवं संतोषजनक समाधान किया गया, जिससे व्यापारियों में जागरूकता एवं आत्मविश्वास बढ़ा। इस अवसर पर हरहुआ व्यापार मंडल के महामंत्री वीरेन्द्र गुप्ता,उपाध्यक्ष विकास जायसवाल,संयुक्त मंत्री राकेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष राकेश सेठ, व्यवस्थापक धीरज जायसवाल, सूचना मंत्री ज्योतिरादित्य गुप्ता सहित आयुष गुप्ता, अमरदीप गुप्ता, दीपक गुप्ता, अनुराग गुप्ता, शनि प्रजापति, पवन गुप्ता एवं अन्य सम्मानित व्यापारी बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी व्यापारियों की सहभागिता सराहनीय रही। हरहुआ व्यापार मंडल द्वारा मास्टर ट्रेनर लोकेश तिवारी व जिला ट्रेनर आनन्द दुबे का व्यापारियों ने धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। व्यापारियों ने संकल्प लिया कि संगठन की मजबूती के लिए आर्थिक मदद के साथ कंधा से कंधा मिलाकर एक दूसरे का सहयोग करेंगे।

# हर वनवासी,आदिवासी, दलित परिवार का आर्थिक मदद संग सम्मान की रक्षा कर न्याय ,अधिकार दिया जाएगा टी0 राम विधायक

**समाज जागरण अनिल कुमार**
**हरहुआ वाराणसी।**



आज ग्राम पंचायत के चक्का वनवासी बस्ती में जनचौपाल कार्यक्रम में अजगरा विधायक त्रिभुवन राम ने कहा कि हर वनवासी, आदिवासी ,दलित परिवार का आर्थिक मदद संग सम्मान की रक्षा कर अधिकार व न्याय दिया जाएगा। वनवासी परिवारों में उनकी समस्या की जानकारी लेकर निराकरण का आश्वासन देते हुए बच्चों को निःशुल्क किताब ,कापी व स्टेशनरी वितरित किया। जन चौपाल में रामप्रकाश सिंह बीरू जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा वाराणसी,वरिष्ठ भाजपा नेता कपिल नारायण पांडेय,राणा चौहान, आशु तोष मिश्रा 'अजय' मण्डल अध्यक्ष हरहुआ,मधुबन यादव प्रधान चक्का, भगत यादव प्रधान प्रतिनिधि करोमा ,अरुणेंद्र सिंह,अमित उपाध्याय प्रमुख हरहुआ प्रतिनिधि के रूप में शामिल रहे। कार्यक्रम संयोजक किशन वनवासी ने सभी वनवासी परिवारों को धन्यवाद व बधाई दी।

# ढाई महीने बाद कुख्यात कफ सिरप तस्कर ने किया सरेंडर!

**समाज जागरण**

पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत के निर्देशन में चल रहे ऑपरेशन प्रहार 2.0 के तहत मैहर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना ताला क्षेत्र का कुख्यात नशीली कफ सिरप तस्कर रजनीश उर्फ सज्जन सिंह, निवासी ग्राम करौंदी, ढाई महीने फरार रहने के बाद विशेष एनडीपीएस न्यायालय सतना में आत्मसमर्पण करने को मजबूर हुआ।आत्मसमर्पण के बाद पुलिस रिमांड में पूछताछ के दौरान आरोपी के घर से नशीली कफ सिरप कोरेक्स की 21 खाली शीशियां बरामद की गईं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत पहले से 13 मामले दर्ज हैं। आवश्यक कार्रवाई के बाद आरोपी को पुनः न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# जन जागरण अभियान के तहत एक चौपाल का आयोजन

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा महानगर जिला अध्यक्ष डॉक्टर सतीश दिवाकर के अध्यक्षता में 'विकसित भारत जी राम जी( VB-G RAM G) जन जागरण अभियान के तहत एक चौपाल का आयोजन शिकोहाबाद विधानसभा के बरकतपुर में किया गया चौपाल के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नवीन जैन रहे मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि इस चौपाल का उद्देश्य भारत सरकार द्वारा किसानों श्रमिकों और अन्य वर्गों के लिए चलाई जा रही जनहित ऐसी योजनाओं की जानकारी देना है! जिसका लक्ष्य विकसित भारत के संकल्प को साकार करना है अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बनाना और आजीविका के साधनों को सुधारण कर आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है! नगर निगम महापौर श्रीमती कामिनी राठौर ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की योजनाओं का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समाज को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में चलाई जा रही योजनाएं जमीनी स्तर पर असर दिखा रही है! महानगर जिला अध्यक्ष डॉक्टर सतीश दिवाकर ने कहा कि विकसित भारत की राम जी योजना अंतर्गत लोगों को जागरूक किया गया लोगों को मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार और विकसित भारत की राम जी से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया गया जब तक गांव मजदूर और अन्नदाता मजबूत नहीं होंगे तब तक देश की प्रगति अधूरी रहेगी आज महानगर के 418 बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का कार्यक्रम भी सुना गया एवं बूथ संख्या 138 मटसेना विधानसभा शिकोहाबाद में भाजपा पदाधिकारी के साथ घर-घर संपर्क किया तत्पश्चात नए मतदाताओं का पटका पहनाकर स्वागत किया! चौपाल को पूर्व विधायक ओमप्रकाश वर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा सुनील टंडन आनंद अग्रवाल डॉ एस पी लहरी आदि भाजपा नेताओं ने भी संबोधित किया! कार्यक्रम का संचालन महानगर महामंत्री केशव फौजी ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से राधेश्याम यादव,अनुपम शर्मा, दुर्गेश यादव, रामनरेश कटरा, शैलेंद्र गुप्ता शालू, दीपक गुप्ता कालू ,आकाश गुप्ता,विष्णु सक्सेना, सतीश यादव, नमन बंसल, राम बहादुर शंखवार, सतपाल चौहान, अनुपम शर्मा, गौतम कुशवाहा, सतवीर गुर्जर, लायक सिंह संखवार, देश दीपक राजा, शिवम दिक्षित, अनार सिंह कुशवाहा,भारत सिंह वर्मा, आकृति सहयोगी,आकृति सहयोगी ,ओमवीर सिंह,भूरे सिंह, प्रेम सिंह वर्मा,मनोज वर्मा, लखपत सिंह, सनी वर्मा, केशव देव शंखवार, शिवम गुप्ता, रविंद्र संखवार आदि लोग उपस्थित रहे!

# सोलहवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की संयुक्त इकाइयों के तत्वावधान में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रेनू वर्मा के नेतृत्व में शासन द्वारा चलाई जा रही है मुहिम सोलहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं स्वयं सेविकाओं को समाज में जन जागृति लाने हेतु शपथ दिलाई गई। स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने तख्ती पर विविध वाक्य लिखे यथा--- छोड़ो घर के सारे काम।पहले चलो करें मतदान ।। विकास की गंगा बहाना है, मतदान का फर्ज निभाना है।। जन-जन की है यही पुकार ,मतदान हमारा है अधिकार।।

आदि शक्तिशाली शब्दों से सजी तख्तियों ने स्लोगन प्रतियोगिता को सफल बनाया। प्रतियोगिता में कल 186 बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर माधवी सिंह एवं डॉ अंजू गोयल के अतिरिक्त प्रो०विनीता गुप्ता, डॉ सरिता रानी, ऋषि कुमार, साक्षी मिश्रा, आदि उपस्थित रहे। अभिषेक अग्रवाल, पंकुज एवं रामब्रेश यादव का विषेश सहयोग रहा।

# सीडीओ शत्रोहन वैश्य ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई मतदाता शपथ

## कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर हुआ मुख्य कार्यक्रम, बीएलओ व युवा मतदाता किए गए सम्मानित!

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद। जनपद में राष्ट्रीय मतदाता दिवस को उत्साहपूर्वक मनाते हुए कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) शत्रोहन वैश्य ने स्कूली छात्र-छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना की। कलेक्ट्रेट सभागार में सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विभिन्न विभागों के कार्मिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर लोकतंत्र को मजबूत करने, मताधिकार का निर्भीक व निष्पक्ष प्रयोग करने तथा अधिकाधिक मतदान सुनिश्चित कराने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सीडीओ शत्रोहन वैश्य ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस भारतीय लोकतंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है। प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार के महत्व को समझते हुए मतदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति नागरिक का कर्तव्य भी है। मतदान से ही जनप्रतिनिधि चुने जाते हैं और शासन व्यवस्था जन-आकांक्षाओं के अनुरूप आगे बढ़ती है। 18 वर्ष पूर्ण करते ही मतदाता बनें युवा—सीडीओ सीडीओ ने युवाओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण होते ही प्रत्येक युवा को मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा मतदाता देश का भविष्य हैं, उनकी भागीदारी बढ़ने से लोकतांत्रिक प्रक्रिया अधिक सशक्त होती है। कार्यक्रम में नए मतदाताओं को प्रेरित करने, मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने तथा पात्र नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी के.एम सिंह ने कहा कि कार्यक्रम में बताया गया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस देशभर में 25 जनवरी को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना और मतदाता पंजीकरण को बढ़ावा देना है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पांडेय ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहां प्रत्येक नागरिक को चुनाव में वोट देने का अधिकार प्राप्त है। यह अधिकार केवल एक कर्तव्य नहीं बल्कि लोकतंत्र की प्रतिष्ठा और विकास के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। हमारे देश में प्रत्येक नागरिक को मताधिकार का उपयोग करने का पूरा अधिकार है, लेकिन इसके बावजूद आज भी कोई भी नागरिक इस अधिकार का सही उपयोग नहीं कर पाता है। ईएलसी सहायक नोडल अधिकारी हिमांशु शर्मा ने कहा कि ईएलसी क्लब के माध्यम से माध्यमिक एवं महाविद्यालय में निर्वाचन संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं एवं 18 वर्ष के युवाओं का मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए फॉर्म नंबर 6 ऑनलाइन और ऑफलाइन की विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की जा रही है। स्वीप की ब्रांड एंबेसडर संध्या द्विवेदी ने कहा कि में राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है।पहली बार इसे वर्ष 2011 में मनाया गया। इसके मनाए जाने के पीछे निर्वाचन आयोग का उद्देश्य था कि देश भर के सभी मतदान केंद्र वाले क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष उन सभी पात्र मतदाताओं की पहचान की जाएगी, जिनकी उम्र एक जनवरी को 18 वर्ष हो चुकी होगी। इस सिलसिले में 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज किए जाएंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रेम स्वरूप ने किया। बीएलओ व विभिन्न श्रेणियों में योगदानकताओं का सम्मान राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ईएलसी सहायक नोडल अधिकारी डॉ.हिमांशु शर्मा, स्वीप की ब्रांड एंबेसडर डॉ. संध्या द्विवेदी एवं पांचों विधानसभा के स्वीप ब्रांड एंबेसडर,कमलकांत पालीवाल,मूवी शर्मा,विनीत चौधरी, जफर आलम, को भी सम्मानित किया गया। बीएलओ ,सुपरवाइजर ,80 वर्ष आयु के मतदाता ,दिव्यांग जन मतदाता,युवा वर्ग के मतदाता को सम्मानित किया गया। सम्मान के रूप में उन्हें प्रशस्ति/स्मृति-चिह्न प्रदान कर उनके कार्य की सराहना की गई। मुख्य कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय अनुराधा सिंह ,परियोजना निदेशक अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी के.एम सिंह,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पांडेय प्रभारी डीआईओएस अशोक कुमार अनुरागी, ईएलसी सहायक नोडल अधिकारी हिमांशु शर्मा, स्वीप ब्रांड एंबेसडर संध्या द्विवेदी, अश्वनी कुमार जैन,आदि उपस्थित रहे ।

# उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम में अश्वनी जैन उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित!

**समाज जागरण**



सिरसागंज! जिला प्रशासन, फिरोजाबाद के तत्वाधान में आयोजित उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के द्वितीय दिवस के कार्यक्रम में जनपद के माध्यमिक विभाग के आठ एवं बेसिक शिक्षा विभाग के पाँच शिक्षकों के साथ श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को विज्ञान को जन जन तक पहुंचाने के लिए , विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पूर्ण सहभागिता प्रदान करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी, फिरोजाबाद शत्रोहन वैश्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम बदन राम, परियोजना निदेशक सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, उपायुक्त स्वतः रोजगार महेन्द्र प्रताप यादव, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी कृष्ण मोहन सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पाण्डेय, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक अनुरागी ने जैन को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान के प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। अश्वनी कुमार जैन को यह सम्मान अपने विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास करने, जनपद के विभिन्न विद्यालयों में विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन के साथ जनपद में आयोजित होने वाले शासकीय कार्यों में दिए गए दायित्वों का पूर्ण निर्वहन करने के लिए प्रदान किया गया। अश्वनी कुमार जैन ने समस्त जन प्रतिनिधियों , जिलाधिकारी फिरोजाबाद रमेश रंजन, सीडीओ शत्रोहन वैश्य, राम बदन राम, धीरेन्द्र कुमार,आशीष कुमार पाण्डेय, सुभाष चन्द्र त्रिपाठी, महेन्द्र प्रताप यादव, कृष्ण मोहन सिंह, अशोक अनुरागी, राजीव शर्मा एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनपद के समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त किया।

# भारतीय सवर्ण महासभा के द्वारा सवर्ण विरोधी काला कानून का पुतला दहन कोटला रोड पर किया गया:

## काला कानून वापस लो सवर्णो पर अत्याचार नहीं सहेंगे के नारे लगाए गए

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद! भारतीय सवर्ण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संजीव उपाध्याय ने कहां सरकार 13 जनवरी 2026 को यू जी सी काला कानून लेकर आई है! जो सवर्ण समाज के बच्चों के विरोधी कानून है! इस कानून से बच्चों का भविष्य खराब होगा पढ़ाई पर मन नहीं लगेगा हर यूनिवर्सिटी में एक कमेटी का गठन किया गया है! जिसमें एससी ओबीसी के लोगों को रखा गया है सवर्ण समाज का कोई व्यक्ति उसमें नहीं है अगर दलित छात्र किसी सवर्ण समाज के छात्र का अपमान करता है! अगर सवर्ण छात्र ने जवाब दे दिया तो दलित छात्र अपनी कमेटी में जाएगा वह कमेटी चाहेगी तो सवर्ण बच्चे को तुरंत कॉलेज से निकाल देगी या 3 साल की सजा करने का प्रावधान है यह गलत कानून है ऐसा कला कानून खत्म होना चाहिए! अशोक गर्ग ठाकुर मोहन सिंह चौहान ने कहा सवर्ण समाज का बच्चा 90% अंक लाने पर पास होगा एसी का बच्चा 40% अंक लाने पर पास हो जाएगा ऐसा भेदभाव क्यों जबकि प्रधानमंत्री का कहना है एक देश एक नियम ऐसा काला कानून समाज के बच्चों के साथ अन्याय है जिसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए! कार्यक्रम में विनोद दीक्षित, दिनेश चंद शर्मा, अशोक श्रुतिय, पवन शर्मा, विष्णु कांत पचौरी, आदि लोग मौजूद थे!

# रोटरी द्वारा आयोजित नि:शुल्क नेत्र जांच परिक्षण शिविर में 231 का हुआ परीक्षण

## आज होगा लेंस प्रत्यारोपण - प्रोजेक्ट चेयरमैन रो० संजीव कुमार सिंह

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**





अग्रणी समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब गाजीपुर द्वारा गत वर्ष आयोजित तीन दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर की भांति जनपद के बोरसिया फदनपुर स्थित सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में आज 25 जनवरी 2026 को रोटरी क्लब गाजीपुर द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच परिक्षण एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया` शिविर का शुभारम्भ श्रीमती सावित्री सिंह के कर-कमलों किया गया कार्यक्रम के आरम्भ में शिविर में प्रतिभाग करने आये सभी अतिथियों का अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत व अभिनन्दन किया गया इस शिविर के प्रोजेक्ट चेयरमैन रो० संजीव कुमार सिंह ने बताया कि रोटरी क्लब द्वारा आयोजित इस शिविर के लिए 500 से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया था` इस शिविर में देश के चिकित्सा जगत में अग्रणी श्री कांची कामकोठी मेडिकल ट्रस्ट द्वारा संचालित वाराणसी के आर. जे. शंकरा आई हॉस्पिटल के संदीप सिंह के नेतृत्व में कुशल नेत्र विशेषज्ञ डॉ अंशु रंजन की टीम द्वारा कुल 231 लाभार्थियों का नेत्र परीक्षण किया गया` इनमें से 50 लाभार्थियों को कल 26 जनवरी 2026 को पुनः प्रातः 10:00 बजे सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज बुलाया गया है जहाँ से उन्हें वाहनों के द्वारा वाराणसी स्थिति आर.जे. शंकरा आई हॉस्पिटल ले जाया जायेगा जहाँ अगले दिन 27 जनवरी 2026 उनका कुशल चिकित्सकों के हाथों लेंस प्रत्यारोपण किया जायेगा एवं स्थिति के सामान्य हो जाने पर उन्हें वाराणसी से पुनः उनके गंतव्य सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के लिए रवाना कर दिया जायेगा उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण प्रक्रिया जिसमे परीक्षण व लेंस प्रत्यर्पण सहित परिवहन की सुविधा पूर्णतया निःशुल्क रहेगी शेष चिन्हित लाभा र्थियों को अधिक ब्लड प्रेशर अथवा सुगर होने के रोक दिया गया है` ऐसे लाभार्थियों का बाद में लेंस प्रत्यारोपण किया जायेगा निःशुल्क नेत्र जांच परिक्षण शिविर के प्रोजेक्ट को-चेयरमैन रो० डॉ. सानंद सिंह ने बताया कि रोटरी क्लब गाजीपुर के अध्यक्ष रो० बरुन कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर के लिए सत्यदेव हॉस्पिटल के चार ओ.पी.डी. कक्ष को प्रयोग में लिया गया` उन्होंने बताया कि शिविर की व्ययस्था के अभिभूत होकर आर. जे. शंकरा आई हॉस्पिटल के वरिष्ठ प्रबंधकों ने सत्यदेव हॉस्पिटल और रोटरी क्लब गाजीपुर के साथ मिलकर अनुबंध करने का निर्णय लिया है जिससे वर्षपर्यंत साल के सभी 365 दिन आर. जे. शंकरा आई हॉस्पिटल के वरिष्ठ डॉक्टर सत्यदेव हॉस्पिटल में मरीजों का निदान करेंगे शिविर के समापन समारोह में रोटरी क्लब गाजीपुर के अध्यक्ष रो० बरुन कुमार अग्रवाल, सचिव रो० अरबिंद कुमार शर्मा, प्रोजेक्ट चेयरमैन रो० संजीव कुमार सिंह व प्रोजेक्ट को-चेयरमैन रो० डॉ. सानंद सिंह के हाथों वाराणसी स्थिति आर.जे. शंकरा आई हॉस्पिटल से आये संदीप सिंह, डॉ० अंशु रंजन, चन्दन पटेल, महेश सिंह तथा नैंसी को उनके अमूल्य योगदान के लिए प्रमाण पत्र भेंट किया गया निःशुल्क नेत्र जांच परिक्षण एवं ऑपरेशन शिविर में रोटरी क्लब गाजीपुर के अध्यक्ष रो० बरुन कुमार अग्रवाल, प्रोजेक्ट चेयरमैन रो० संजीव कुमार सिंह व प्रोजेक्ट को-चेयरमैन रो० डॉ. सानंद सिंह के अतिरिक्त रो० सैयद जीशान जिया, रो० चंद्रेश्वर प्रसाद चौबे, रो० असित सेठ, रो० राजेश प्रसाद, रो० संजर नासिर, रो० आनंद सिंह, रो० सुमन सिंह, रो० प्रीती सिंह, सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्राचार्य चंद्रसेन तिवारी, दिग्विजय, अमित सिंह, श्रेया सिंह, आवेश कुमार सहित चिकित्सक, शिक्षक, नर्सिंग स्टाफ, व पूरा प्रबंधतंत्र, रानू सविता सहित अधिक संख्या नर्सिंग के विद्यार्थी उपस्थित थे

# हर्षोल्लास के साथ मना फादर पी विक्टर का जन्म दिन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**







गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के हार्टमन इण्टर कालेज हार्टमन पुर के प्रशासक फादर पी विक्टर का 59 वा जन्मदिन विद्या लय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के द्वारा एक से बढ़ कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम के मध्य में मंच पर फादर पी विक्टर के द्वारा पूर्व शिक्षक गण, शुभचिंतकों एवं विद्यालय की प्रायमरी के बच्चों की उपस्थिति में केक काटा गया।फादर के द्वारा लगभग पचास छोटे बच्चों को जाड़े का कपड़ा वितरण किया गया।

पूरे विद्यालय के बच्चों को आज के दिन खीर खिलाया गया। सभी के द्वारा फादर पी विक्टर को जन्म दिन की बधाई दी गई। उपस्थित लोगों के द्वारा फादर का माल्यार्पण कर एवं उपहार भेंट कर बधाई दी गई। कार्यक्रम का शानदार संचालन मुंशफ अली राजू सर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में फादर पी विक्टर के द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम में पल्ली पुरोहित फादर प्रकाश तिग्गा,पूर्व प्रधानाचार्य जनता जनार्दन इण्टर कालेज गांधीनगर नर्वदेश्वर राय,सी डी जान, श्रीभगवान सिंह यादव,लक्ष्मण राय, ओम प्रकाश पाण्डेय, आशुतोष राय,राम चन्द्र सिंह,उदय कुमार प्रधानाचार्य,दिनेश पाठक,शुभ नारायण यादव, राजेश कुशवाहा, सिस्टम पूनम,स्वर्ण लता, सत्येन्द्र पाण्डेय, अजीत कुमार, पूर्णमासी राम,श्याम बिहारी राम,समेत सभी शिक्षक स्टाफ छात्र छात्राएं एवम अभिभावक उपस्थित रहे।

# बीमार' एंबुलेंस ने ली मरीज की जान, अस्पताल पहुंचने के बाद भी नहीं खुला दरवाजा, हार्ट पेशेंट ने अंदर ही तोड़ा दम

**समाज जागरण**



सतना। मध्य प्रदेश के सतना जिला अस्पताल में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की एक ऐसी लापरवाही सामने आई जिसने मानवता को झकझोर कर रख दिया। एक ओर जहां 108 एंबुलेंस को 'जीवन दायिनी' माना जाता है, वहीं इसकी तकनीकी खराबी और बदहाली एक अति गंभीर मरीज के लिए काल बन गई। अस्पताल पहुंचने के बावजूद एंबुलेंस का दरवाजा न खुलने के कारण मरीज समय पर इलाज के अभाव में दम तोड़ गया।

**नहीं खुला एंबुलेंस का दरवाजा-:**

घटना के अनुसार, रामनगर क्षेत्र से हार्ट अटैक के शिकार मरीज राम प्रसाद को लेकर 108 एंबुलेंस जिला अस्पताल पहुंची थी। मरीज की हालत बेहद नाजुक थी और उसे तत्काल आपातकालीन चिकित्सा की आवश्यकता थी। जैसे ही वाहन अस्पताल की दहलीज पर रुका, एंबुलेंस का पिछला दरवाजा अचानक जाम हो गया। काफी कोशिशों के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला, तो गंभीर रूप से तड़प रहा मरीज और उसके दो परिजन वाहन के अंदर ही कैद होकर रह गए।

**ड्राइवर ने खिड़की से घुसकर तोड़ा लॉक-:**

मरीज की बिगड़ती हालत और परिजनों की चीख-पुकार के बीच वहां अफरा-तफरी मच गई। जब कोई रास्ता नहीं सूझा, तो एंबुलेंस चालक ने सूझबूझ और कड़ी मशक्कत दिखाते हुए ड्राइवर वाली खिड़की से अंदर प्रवेश किया। इसके बाद अंदर से लॉक तोड़ने का प्रयास किया गया ताकि मरीज को बाहर निकाला जा सके। हालांकि, इस पूरी प्रक्रिया में काफी समय बर्बाद हो गया, जो कि एक हार्ट अटैक के मरीज के लिए बेहद कीमती था।

**मरीज की मौत और व्यवस्था पर सवाल-:**

तकनीकी खराबी के कारण हुई इस देरी का खामियाजा अंततः मरीज को अपनी जान देकर भुगतना पड़ा। पर्याप्त उपचार शुरू होने से पहले ही राम प्रसाद की मृत्यु हो गई। इस घटना ने जिले की 108 एंबुलेंस सेवाओं के रख रखाव और फिटनेस पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों का आरोप है कि यदि एंबुलेंस सही स्थिति में होती और दरवाजा तुरंत खुल जाता, तो शायद समय पर डॉक्टरी सहायता मिलने से मरीज की जान बचाई जा सकती थी।

# मम दीक्षा हिंदू रक्षा के उद्घोष के साथ शहडोल नगर में विशाल हिंदू सम्मेलन

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी शताब्दी वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष्य पर पूरे भारतवर्ष में सभी नगर की बस्तियां एवं ग्रामीण क्षेत्र के मंडल में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन सकल हिंदू समाज के माध्यम से किया जा रहा है। हिंदू सम्मेलन का आयोजन 15 से 30 जनवरी तक किया जाना है। शहडोल नगर की बलपुरवा बस्ती, पंचायती मंदिर बस्ती एवं विराट बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन 25 जनवरी दिन रविवार को प्रातः 9:00 बजे से भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ किया गया। जहां पर मातृशक्तियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर हिंदू रीति रिवाज के अनुसार कलश को कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया। कलश की पूजा अर्चना पूर्ण किया गया। कार्यक्रम में गौ माता एवं कन्याओं की पूजा पूरे विधि विधान से किया गया।भजन कीर्तन के साथ हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। कार्यक्रम स्थल में भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प धूप के साथ वैदिक मंत्र उच्चारण से पूजा अर्चना एवं सरस्वती वंदना किया गया। पंचायती मंदिर बस्ती हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाकौशल प्रांत के बौद्धिक प्रमुख उमेश मिश्र, मातृशक्ति के प्रतिनिधित्व के रूप में प्रोफेसर तारामणि श्रीवास्तव, आध्यात्मिक शक्ति के प्रतिनिधि के रूप में कथावाचक पंडित बृजेश पयासी मँचासीन रहे। बलपुरवा बस्ती हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम में मातृशक्ति के रूप में समाज सेविका श्रीमती भारती गुप्ता , सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शहडोल नगर एवं सिंहपुर खंड के प्रचारक राज सिंह मंचासीन रहे। विराट बस्ती हिंदू सम्मेलन में मातृशक्ति के प्रतिनिधि के रूप में सेवानिवृत प्रोफेसर श्रीमती नीलमणि दुबे, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शहडोल विभाग के सह विभाग कार्यवाह शिक्षक अनूप मिश्रा एवं आध्यात्मिक शक्ति के प्रतिनिधित्व के रूप में कथा व्यास पंडित बृजेश त्रिपाठी मंचासीन रहे। गौरतलब है। शहडोल नगर में आयोजित तीनों विशाल हिंदू सम्मेलन में बस्ती से सकल हिंदू समाज के लोगों ने अपनी सहभागिता की है। मंचासीन वक्ताओं के आयोजन समिति के द्वारा हिंदू रीति रिवाज के अनुसार सत्कार किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को मुख्य वक्ता मातृशक्ति एवं आध्यात्मिक शक्ति के द्वारा सारगर्भित लेकिन विचारों को परिवर्तन करने की शक्ति रखने वाले उद्बोधन एवं हिंदू जीवन को लेकर वृहत मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का समापन सामूहिक वंदे मातरम गान एवं भारत माता की आरती के साथ किया गया। कार्यक्रम स्थल पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया था। जिसका प्रसाद सभी ने प्राप्त किया।

# अनुचित लाभ लेने रेत माफिया बना रहे दबाव

**समाज जागरण उमरियार**

प्रशासन एवं पुलिस द्वारा अवैध बालू खनन पर कढ़ाई के कारण रेत माफिया में हड़कंप है पहले तो वह कंपनी पर अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए दबाव बनाने का प्रयास किया गया परंतु जब उनकी मांग नहीं मानी गई तो अनशन आंदोलन प्रारंभ किया गया है अनशन में बैठे सेन पर दर्जनों रेत चोरी सहित अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं इसी तरह रामायण तिवारी पर 2 करोड़ 38 लख रुपए अवैध रेत खनन परिवहन की रिकवरी वसूली का आदेश खनिज विभाग द्वारा पारित किया गया था। अंबुज जिले का सबसे बड़ा माफिया है। साल 2019-20 में इन्हीं की वजह से रेत खदान को लेकर खरवार में गोली कांड हुआ था जिसमें एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी कंपनी का मानना है कि ऐसे सामाजिक तत्वों पर जिला प्रशासन लगाम लगाई साथ ही दो-तीन वर्ष पूर्व उमरिया में एक बलवे जिसमें प्रशासन एवं पुलिस को गंभीर चोटें आई थी जिसमें यह आरोपी है इस तरह यह बात सिद्ध होती है कि यह सभी लोग और असामाजिक कृतियों में होने वाले असामाजिक तत्वों की श्रेणी में आते हैं ऐसे रेत माफिया एवं अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों द्वारा अवैध रेत खनन का झूठा वातावरण तैयार कर सभी को बरगलाया जा रहा है ऐसे में सावधान रहने की जरूरत है और जिले के विकास में यह योगदान देने वाली महाकाल मिनरल्स की सहयोग की अपेक्षा है

10-5-25:Layout 1 1/26/2026 3:05 AM Page 11




# कार्यालय नगर पालिका परिषद नजीबाबाद (बिजनौर)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## 77 वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के सम्बन्ध में लोगो को जागरूक करने की अपील

1. नगर आपका है इसे स्वच्छ रखने में सहयोग करें।
2. कूड़ा निर्धारित स्थान अथवा कूड़ा गाड़ी आने पर डाले।
3. प्रतिबंन्धित पॉलिथीन / एकल उपयोग प्लास्टिक सामग्री के उपयोग से बचे और पर्यावरण को स्वच्छ रखने में मदद करें।
4. पालिका करो की समय से अदायगी करें।
5. जन्म-मृत्यु का समय से पंजीयन कराये।
6. पालिका सम्पत्ति को नुकसान व अतिक्रमण न करें।
7. जल ही जीवन है। पेयजल का दुरूपयोग कदापि न करें तथा नल की टोटी खुली न छोड़ें।

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद नजीबाबाद

अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद नजीबाबाद



# गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी नगर वासियों को हार्दिक बधाई

## आइये इस अवसर पर नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने का संकल्प ले।

1. यह नगर आपका है. इसको स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने में सहयोग प्रदान करें।
2. घर अथवा दुकान से जनित (जनरेट) होने वाले गीला एवं सूखा कूड़ा को अलग-अलग डस्टबिन में एकत्र करें।
३. नगर को स्वच्छ रखने के लिए कूड़े को किसी भी दशा में नाले/ नाली, सड़क अथवा खुले स्थान में न फेंके और न ही जलाए। कूड़ा खुले में फेंकने से ही सड़क के साथ मौहल्ला गंदा होता है। ऐसा करना दण्डनीय अपराध है।
4. शौच हेतु व्यक्तिगत अथवा सामुदायिक / सार्वजनिक शौचालय का इस्तेमाल करें, खुले में शौच कदापि न जाये।
5. पेयजल को व्यर्थ ही बरबाद न करें।
6. पालिका के करो एवं अन्य देयों का समय से भुगतान करके अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें।
7. पालीथीन का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है कृपया नगर को पालीथीन मुक्त रखें।
8. जन्म-मृत्यु का रजिस्ट्रेशन समय से अवश्य कराये।
9. रोड़ पटरियों, नालियों, पालिका सम्पत्ति व सड़क पर अतिक्रमण न करें।
10. वृक्षों का संरक्षण करें व अधिक से अधिक वृक्ष लगाये, पर्यावरण बचाएं।

कम्पोस्ट अपनाओ, नर्सरी को और भी महकाओं।
कम्पोस्ट बनाओ, देश व नगर को स्वच्छ बनाओ।

हमारा प्रयास स्वच्छ भारत स्वच्छ किरतपुर

मेघा गुप्ता
अधिशासी अधिकारी

समस्त सभासद एवं कर्मचारी गण

अ० मन्नान
अध्यक्ष

नगर पालिका परिषद, किरतपुर (बिजनौर)



स्वच्छ साहनपुर | स्वस्थ साहनपुर

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

जनता से अपील

# नगर पंचायत साहनपुर जनपद-बिजनौर

## स्वच्छ भारत मिशन

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2026

### स्वतन्त्रता दिवस (26 जनवरी 2026) के अवसर पर समस्त सम्मानित नगरवासियों से नगर पंचायत अपील करती है।

01. जल ही जीवन है। पेयजल का दुरुपयोग कदापि न करें तथा नल की टोंटी खुली न छोड़ें।
02. जल-मूल्य निर्धारित समय पर जमा करें।
03. अपने घरों का टैक्स निर्धारित समय पर जमा करें।
04. सड़कों पर कूड़ा व गन्दगी न डालें।
05. नगर पंचायत की कूड़ा गाड़ी आने पर कूड़ा उसमें ही डालें।
06. नगर को स्वच्छ व साफ-सुथरा बनाने में नगर पंचायत का सहयोग करें।
07. पॉलीथीन का प्रयोग न करें।
08. जन्म-मृत्यु का नगर पंचायत कार्यालय में समय से रजिस्ट्रीकरण अवश्य करायें।
09. अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।
10. अपने घरों व आसपास के क्षेत्रों में पानी जमा ना होने दें। जिससे बीमारियों फैलने की सम्भावना होती है।

अनूप कुमार रावत
अधिशासी अधिकारी

मौ० खुर्शीद मन्सूरी
अध्यक्ष

समस्त सभासदगण/कर्मचारीगण
नगर पंचायत साहनपुर जनपद-बिजनौर



# भारत के गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ।

गणतंत्र दिवस हमारे संविधान के लागू होने का स्मरण कराता है और यह दशार्ता है कि भारत एक संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य है जहाँ सत्ता जनता में निहित है। यह दिन हमें हमारे अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

- संविधान के आदर्श–स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व–न केवल हमारे लोकतंत्र का मार्गदर्शन करते हैं, बल्कि सड़कों पर हमारे आचरण से भी जुड़े हैं।
- स्वतंत्रता का अर्थ है जिम्मेदारी के साथ यात्रा करना–यातायात नियमों का पालन करते हुए ताकि किसी को नुकसान न पहुँचे।
- समानता हमें याद दिलाती है कि सड़क पर हर जीवन समान रूप से मूल्यवान है–चाहे वह पैदल यात्री हो, साइकिल चालक हो या वाहन चालक।
- बंधुत्व आपसी सहयोग और मानवता की भावना को दशार्ता है। राहवीर योजना जैसे प्रयास दुर्घटना पीड़ितों की समय पर मदद करने वालों को सम्मानित करते हैं और समाज को आगे आकर जीवन बचाने के लिए प्रेरित करते हैं–यह सच्चे बंधुत्व का उदाहरण है।
- इन आदर्शों को अपने रोजमर्रा के वाहन व्यवहार में अपनाकर हम संविधान की भावना को सच्चे अर्थों में निभाते हैं और सभी के लिए सुरक्षित सड़कें बनाते हैं।

सौजन्य से : परिवहन विभाग वाराणसी


# फरवरी तक गंगा एक्सप्रेसवे होगा तैयार, यूपी की कनेक्टिविटी को मिलेगी तेज रफ्तार: मुख्यमंत्री

**- जेवर एयरपोर्ट फेज-3 भूमि अधिग्रहण तेज करने के निर्देश, कहा; नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुभारंभ से एयर कार्गो का हब होगा उत्तर प्रदेश**

**- मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर को गतिः गंगा एक्सप्रेसवे, जेवर एयरपोर्ट, लॉजिस्टिक हब और मुख्यमंत्री मॉडल स्कूलों की मुख्यमंत्री ने की व्यापक समीक्षा**

**- मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब और ट्रांसपोर्ट हब निर्माण तेज करने के निर्देश**

**- मध्य गंगा नहर, एरच, रिहंद-ओबरा विद्युत परियोजना की भी हुई समीक्षा**

**- मुख्यमंत्री का निर्देश, 150 मॉडल स्कूलों के स्थापना की कार्यवाही में न हो अनावश्यक देरी**

**- बहराइच-श्रावस्ती-बलरामपुर-सिद्धार्थनगर नई रेल लाइन परियोजना के लिए भूमि उपलब्धता सुनिश्चित करायें: मुख्यमंत्री**

**समाज जागरण**
**लखनऊ, 25 जनवरी:-**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश की प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर, सिंचाई, ऊर्जा, शिक्षा और औद्योगिक विकास परियोजनाओं की व्यापक समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास परियोजनाएँ उत्तर प्रदेश को तेजी से आर्थिक समृद्धि और निवेश के नए केंद्र के रूप में स्थापित कर रही हैं, और इन सभी योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि फरवरी, 2026 के अंत तक गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि 594 किलोमीटर लंबा गंगा एक्सप्रेसवे प्रदेश की कनेक्टिविटी को ऐतिहासिक मजबूती प्रदान करेगा और यह औद्योगिक, कृषि तथा लॉजिस्टिक्स गतिविधियों के लिए एक मजबूत आधार बनेगा। बैठक में बताया गया कि यह एक्सप्रेसवे 12 जनपदों से होकर गुजरता है और 500 से अधिक गांवों को सीधा लाभ पहुंचाएगा। सड़क गुणवत्ता के आकलन के लिए रफनेस इंडेक्स और राइडिंग कम्फर्ट इंडेक्स जैसे आधुनिक तकनीकी मानकों के आधार पर परीक्षण किए जा रहे हैं। वे-साइड अमेनिटीज, रेस्ट एरिया, रोड सेफ्टी फीचर्स, साइनेज और एक्सेस-कंट्रोल सिस्टम को उच्च मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है।

मध्य गंगा नहर परियोजना (स्टेज-2) की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंचाई परियोजनाएं कृषि उत्पादन बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। बैठक में बताया गया कि इस परियोजना के पूर्ण होने से अमरोहा, मुरादाबाद और संभल जनपदों के बड़े कृषि क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

एरच सिंचाई परियोजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि यह परियोजना बुंदेलखंड क्षेत्र में जल संरक्षण, सिंचाई और पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। परियोजना से कृषि कार्यों को स्थायित्व मिलेगा और जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन में सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना से जुड़े अपूर्ण कार्यों को अविलंब पूरा कराने के निर्देश दिए।

रिहंद एवं ओबरा क्षेत्र की जल विद्युत परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करना प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक है। बैठक में बताया गया कि रिहंद-ओबरा क्षेत्र में पंप स्टोरेज आधारित परियोजनाएं भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने और नवीकरणीय ऊर्जा के प्रभावी उपयोग में सहायक होंगी।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने फेज-3 के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश की वैश्विक कनेक्टिविटी, निवेश और रोजगार सृजन का प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है। इसके शुभारंभ से उत्तर प्रदेश एयर कार्गो हब के रूप में नई संभावनाओं को आगे बढ़ाने वाला है। इसलिए इसके आगामी चरणों की तैयारी समय रहते सुनिश्चित की जाए। बैठक में बताया गया कि एयरपोर्ट के प्रथम चरण के संचालन से प्रतिवर्ष एक करोड़ से अधिक यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

ग्रेटर नोएडा में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब और मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने इन परियोजनाओं की कार्यवाही को तेज करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने इन परियोजनाओं के लिए प्रस्तावित रेलवे स्टेशनों के निर्माण आदि के लिए भारत सरकार के सम्बंधित मंत्रालयों से निरंतर संवाद बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर के सुदृढ़ होने से उद्योगों की लागत में कमी आएगी और उत्तर प्रदेश मैन्युफैक्चरिंग व सप्लाई-चेन का प्रमुख केंद्र बनेगा।

मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट स्कूल योजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक और समग्र शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक दूरदर्शी पहल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 75 जनपदों में 150 मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल स्थापित किए जाने हैं, जिनमें आधुनिक कक्षाएं, विज्ञान प्रयोगशालाएं, डिजिटल लर्निंग सुविधाएं, खेल एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों के लिए समुचित अवसंरचना विकसित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मॉडल स्कूलों की स्थापना से जुड़े कार्यों में तेजी लाई जाए तथा जिन जनपदों में अब तक भूमि का चयन नहीं हो पाया है, वहां स्थानीय प्रशासन के सहयोग से तत्काल भूमि चयन की प्रक्रिया पूरी की जाए, ताकि योजना को निर्धारित समयसीमा में धरातल पर उतारा जा सके। विशेष बैठक में चिल्ला एलिवेटेड फ्लाईओवर के कार्यों में भी तेजी की जरूरत बताई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास का अर्थ केवल निर्माण नहीं, बल्कि समय पर, गुणवत्तापूर्ण और जन-उपयोगी परियोजनाओं को धरातल पर उतारना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रमुख परियोजनाओं की नियमित समीक्षा करते हुए कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाए, ताकि प्रदेश की विकास यात्रा निरंतर मजबूती के साथ आगे बढ़ती रहे।

# यूजीसी काले कानून का मैं घोर विरोध करता हूं -पंडित राजेश अग्निहोत्री भागवत प्रवक्ता।

**समाज जागरण**

एक तरफ सरकार बटोगे तो कटोगे , एक रहोगे तो सेफ रहोगे,का नारा देती है तो दूसरी तरफ सरकार ही यूजीसी जैसे काले कानून को लाकर समाज को बांटने का काम कर रही है।यह कानून समाज के बीच में दीवार का काम करेगा इससे और अधिक आपस में वैमनस्यता बढ़ने का खतरा है। दूसरी तरफ राजनीति धर्म पर हावी होती जा रही है यह भी एक अच्छा संकेत नहीं है।अभी तक नेता लोग जनता को आपस में लड़वाने का काम करते थे और अब धर्म गुरुओं को भी लड़वाने का काम कर रहे हैं।संत या धमार्चार्य यदि राष्ट्र हित समाज हित की बात करें तो कहा जाता है कि संत राजनीति




न करें। मैं पूछना चाहता हूं कि संत और धमार्चार्य राष्ट्र हित की बात क्यों न करें? भजन करना भी आवश्यक है और राष्ट्र हित समाज हित के लिए चिन्तन भी आवश्यक है। विश्वामित्र एक ऋषि थे उन्होंने राम और लक्ष्मण जी को धनुर्विद्या के साथ साथ अस्त्र-शस्त्र चलाने की कला सिखाई कि नहीं? अनेक ऋषि-मुनियों ने अनेक क्षेत्रों में राष्ट्र हित और समाज हित में अपना योगदान दिया। वशिष्ठ जी राम जी को मार्गदर्शन करते थे कि नहीं?फिर आज के समय में यदि संत और धमार्चार्य यदि मार्गदर्शन करते हैं तो आपत्ति क्यों? राम जी से कह दिया जाता कि आप तो भगवान हैं क्या आवश्यकता है आपको युद्ध करने की? आप तो चुपचाप बैठकर आशीर्वाद देते रहो ।इससे काम चल पाता? श्री कृष्ण भगवान से कहा दिया जाता, क्या जरूरत है तुम्हें अर्जुन के रथ चलाने की ? आप तो चुपचाप बंशी बजाते रहो।काम चलता क्या? मैं सरकार से विनम्रतापूर्वक आग्रह करता हूं कि उसे यूजीसी काले कानून को शीघ्रातिशीघ्र वापस लेना चाहिए। यह उद्गार पंडित राजेश अग्निहोत्री भागवताचार्य ने ग्वालियर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन में व्यक्त किए और उन्होंने यह भी कहा कि मैं हर कथा में इस कानून का विरोध करता रहूंगा।

# वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन का द्वितीय वार्षिक संस्कार परिवार मिलन सम्पन्न

**समाज जागरण**

गौतमबुद्ध नगर। वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन का द्वितीय वार्षिक संस्कार परिवार मिलन कार्यक्रम GNIOT के सभागार में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रणीत भाटी ने की। इस अवसर पर अमित उपाध्याय (अध्यक्ष, IBA), गजानन माली तथा संदीप गोयल (निदेशक, कैलाश इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता केंद्रीय संगठन प्रभारी एवं विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय सह मंत्री वीरेंद्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि कृण्वन्तो विश्वमार्यम का संदेश हमारे ऋषि-मुनियों ने दिया, जिसका अर्थ है कि



ईश्वर ने विश्व को श्रेष्ठ बनाने का दायित्व हम सभी को सौंपा है। उन्होंने कहा कि संगठन के प्रतिभा विकास केंद्र वंचित और वनवासी समाज के बच्चों को कर्तव्य आधारित जीवन पद्धति एवं संस्कारों की शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रो. विवेक कुमार ने कहा कि संस्कार विहीन शिक्षा मनुष्य को राक्षस बना देती है, इसलिए शिक्षा के साथ संस्कार अनिवार्य हैं।

क्ष्अ के अध्यक्ष अमित उपाध्याय ने कहा कि संस्कार परिवार मिलन आज की एक बड़ी सामाजिक आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि संस्कार रक्षा परिवार योजना के माध्यम से वनवासी एवं वंचित समाज में स्वाभिमान, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत की जा रही है। क्ष्अ का मानना है कि औद्योगिक विकास तभी सार्थक है जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे।

अध्यक्षीय आशीर्वचन में प्रणीत भाटी ने इस कार्य को अत्यंत पुनीत बताते हुए जिले में अधिक से अधिक प्रतिभा विकास केंद्र प्रारम्भ कराने में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में प्रतिभा विकास केंद्र के बच्चों द्वारा मनमोहक देशभक्ति सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। इस अवसर पर वरिष्ठ विभाग उपाध्यक्ष एवं पूर्व जीएसटी संयुक्त आयुक्त वीरेंद्र सिंह ने गौतमबुद्ध नगर जिले की नवीन जिला कार्यकारिणी की घोषणा की।

जिसमें संरक्षक के रूप में डॉ. राजेश गुप्ता (चेयरमैन, GNIOT), ओम प्रकाश अग्रवाल, प्रणीत भाटी, अमित उपाध्याय एवं संदीप गोयल को शामिल किया गया।

प्रो. विवेक कुमार को अध्यक्ष, पवन अग्रवाल को कार्याध्यक्ष, किसलय कुमार को महामंत्री, अविनाश किशोर को कोषाध्यक्ष तथा संगीता वर्मा को महिला संयोजिका बनाया गया।

कार्यक्रम में संगठन के केंद्रीय मंत्री राजेश दत्ता, विभाग अध्यक्ष भगवान दास गुप्ता, कार्याध्यक्ष मयूर कालरा, महामंत्री विवेक अग्रवाल, क्ष्अ के कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

10-5-25:Layout 1 1/26/2026 3:05 AM Page 13



# कृषि निर्यात से बदलेगी किशनगंज के किसानों की आर्थिक स्थिति : डॉ. मोहम्मद जावेद

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



25 जनवरी 2026 कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा 25 जनवरी 2026 को किशनगंज में कृषि निर्यात (एग्री-एक्सपोर्ट) विषय पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. जावेद ने कहा कि एपीडा की यह पहल किशनगंज के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिससे कृषि क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि किसान केवल स्थानीय बाजार तक सीमित न रहकर निर्यात से जुड़ें, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति में वास्तविक सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि यदि किसानों को निर्यात प्रक्रिया से जोड़ा जाए और ट्रायल शिपमेंट की शुरूआत की जाए तो कृषि उत्पादों की पहचान राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी स्थापित हो सकती है। उन्होंने मकई, मशरूम तथा काला चावल (नानिया/काला मिर्चिया धान) को जिले की प्रमुख कृषि विशेषताएं बताते हुए कहा कि इन उत्पादों में जीआई टैग प्राप्त करने की पूरी संभावना है, विशेषकर नानिया किस्म के सुगंधित एवं स्वादिष्ट चावल के लिए। उन्होंने कहा कि जब अन्य जिलों को जीआई टैग मिल सकता है, तो किशनगंज को भी मिलना चाहिए। डॉ. जावेद ने जिले में कार्यरत 7 किसान उत्पादक संगठनों (FPOs) की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इनके माध्यम से किसानों को निर्यात से जोड़ना अधिक सुगम होगा। उन्होंने किसानों के लिए एक्सपोजर विज़िट, किसान सलाहकारों की मासिक रिपोर्टिंग तथा बाजार से सीधा जुड़ाव सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में सदर विधायक कमरुल हुडा, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला कृषि पदाधिकारी,जिला उद्यान पदा धिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं कृषि महाविद्यालय के डीन सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्य क्रम के दौरान एपीडा अधिकारियों द्वारा कृषि निर्यात की संभावनाओं, गुणवत्ता मानकों, पैकेजिंग, ब्रांडिंग तथा अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच के विषय में तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। डॉ. जावेद ने जिला में एपीडा द्वारा आयोजित पहले कृषि निर्यात क्षमता निर्माण कार्यक्रम की सराहना की।

बैठक के दौरान गुजरात से निर्यातक अजीत देसाई वर्चुअल माध्यम से जुड़े और एपीडा, आईसीएआर एवं जिला प्रशासन के सहयोग से किशनगंज से अनानास (पाइन एप्पल) के ट्रायल शिपमेंट की योजना पर चर्चा की गई। जिला धिकारी ने इस पहल की सराहना करते हुए आगे की कार्यवाही के लिए वर्चुअल बैठक आयोजित करने की बात कही। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 400 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को निर्यात उन्मुख खेती के प्रति जागरूक करना, उनकी आय में वृद्धि करना तथा किशनगंज को कृषि निर्यात के मानचित्र पर स्थापित करना रहा।

# मतदाता दिवस पर जागरूकता के लिए निकाली गई साइकिल रैली

**पंकज कुमार पाठक, दैनिक समाज जागरण**





पदमा -राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रविवार 25 जनवरी को पदमा प्रखंड में मतदाता जागरूकता को लेकर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरूआत प्रखंड मुख्यालय से हुई, जो पदमा गेट तक पहुंची। इस रैली का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी निधि रजवार ने किया। रैली में पदमा साईं सेंटर के प्रशिक्षुओं ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके अलावा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के शिक्षक संजय चौबे, प्राथमिक विद्यालय अलीनगर के शिक्षक जुबैर आलम सहित अन्य स्थानीय लोगों की भी सक्रिय भागीदारी रही।

इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि मतदाता दिवस का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करना और लोकतंत्र को मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि मतदान हर नागरिक का अधिकार ही नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। जागरूक मतदाता ही एक सशक्त और स्वस्थ लोकतंत्र की नींव रखते हैं। साइकिल रैली के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि प्रत्येक पात्र नागरिक को बिना किसी भय या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। रैली के दौरान मतदाता जागरूकता से संबंधित नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और निष्पक्ष मतदान में भाग लेने का संकल्प लिया।

# वार्ड नंबर 20 से छबि महतो को पार्षद प्रत्याशी बनाने पर बनी सर्वसम्मति

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण,ब्यूरो चीफ,कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 25 जनवरी2026: आदित्यपुर आदित्यपुर स्थित गुमटी बस्ती चुना भट्टा में रविवार को लाली देवी, लक्की देवी, गुड़िया दास एवं गुरुवारी देवी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वार्ड नंबर 20 के महिला एवं पुरुषों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से छबि महतो को वार्ड नंबर 20 से पार्षद प्रत्याशी बनाए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में वक्ताओं ने छबि महतो के सामाजिक एवं राजनीतिक अनुभव पर भरोसा जताते हुए उन्हें वार्ड के विकास के लिए उपयुक्त उम्मीदवार बताया। उल्लेखनीय है कि छबि महतो वर्ष 2018 में वार्ड नंबर 20 से पार्षद का चुनाव लड़ चुके भाजपा नेता विशु महतो की धर्मपत्नी हैं। छबि महतो शिक्षित होने के साथ-साथ राजनीतिक समझ भी रखती हैं। उन्होंने 2013 में मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण की है तथा सिंघभूम कॉलेज, चांडिल से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की है। उनका पारिवारिक राजनीतिक बैकग्राउंड भी मजबूत रहा है, उनके पिता कुकड़ू प्रखंड से पंचायत समिति सदस्य रह चुके हैं। बैठक में मुख्य रूप से बसंती देवी, सुनील गोप, राजेश गोप, करण, संतोष महतो, कमलेश शर्मा सहित वार्ड नंबर 20 के कई महिला-पुरुष उपस्थित थे। उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि छबि महतो के नेतृत्व में वार्ड का सर्वांगीण विकास संभव है।

# पूर्णिया के आंगनवाड़ी केंद्र में भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अनियमितताओं का मामला

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

कृत्यानंद नगर, पूर्णिया। कृत्यानंद नगर प्रखंड के आंगनवाड़ी केंद्र संख्या-20 में कथित भ्रष्टाचार, अवैध वसूली और प्रशासनिक अनियमितताओं का मामला लगातार तूल पकड़ रहा है। राष्ट्रीय आरटीआई कार्यकर्ता और मानवाधिकार कार्यकर्ता मोहम्मद अनसार खां ने इस पूरे प्रकरण में सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी मांगी और संविधान एवं प्राकृतिक न्याय (Natural Justice) के उल्लंघन का भी हवाला दिया। शिकायत में मुख्य आरोपों में शामिल हैं–सेविकाओं से वाउचर स्वीकृति के नाम पर अवैध वसूली, पदस्थ सेविका के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति से कार्य कराना, नियमों की अनदेखी कर भुगतान और कार्यालय में जानकारी उपलब्ध न होना। आरटीआई आवेदन के बाद अनवार आलम नामक व्यक्ति द्वारा धमकाने का प्रयास किया गया, जबकि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने भ्रामक और तथ्यहीन उत्तर प्रस्तुत किए।

शिकायतकर्ता ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने ही मामले में न्यायाधीश नहीं हो सकता, लेकिन जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी ने उसी अधि कारी को जांच सौंप दी, जिनके खिलाफ शिकायत थी। शिकायत में यह भी बताया गया कि विभाग ने सेविका पर दबाव बनाकर कोरे कागज पर हस्ताक्षर कराए, जिसे प्रशासनिक उत्पीड़न माना गया।

मोहम्मद अनसार खां ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) में भी शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने मांग की है–स्वतंत्र एजेंसी से जांच, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई, सेविका की सुरक्षा, और RTI के तहत सही जानकारी उपलब्ध कराना। उन्होंने कहा–यह केवल भ्रष्टाचार का मामला नहीं है,

बल्कि संविधान और प्राकृतिक न्याय के उल्लंघन का भी मामला है। सच बोलने पर नागरिक को डराया जाएगा, तो लोकतंत्र का क्या अर्थ रहेगा?

# बिस्टाटांड़ में सरस्वती पूजा पर झुमर की धूम, कलाकारों ने बांधा समां

**दैनिक समाज जागरण, संवाददता, बिकाश**



ईचागढ़ः ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के बिस्टाटांड गांव में रविवार को सरस्वती पूजा के अवसर पर भव्य झुमर अखाड़ा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दूर-दराज से आए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा इलाका सांस्कृतिक रंग में रंग गया। झुमर अखाड़ा का उद्घाटन उप प्रमुख दीपक कुमार साहू, वरिष्ठ पत्रकार अरुण माझी, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गोपेश कुमार महतो, पत्रकार संतोष कुमार साहू, विद्युत महतो, विनोद वर्मा, बानेश्वर महतो, विकास ठाकुर, चंदन कुमार महतो एवं मलखान महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के पुरूलिया जिले के जयपुर से आई प्रसिद्ध कलाकार शकुंतला महतो, बनमाली महतो और मानभूम शिल्पी हेमलता दास ने अपने दल के साथ एक से बढ़कर एक झुमर नृत्य और गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुति और पारंपरिक लय-ताल ने पूरे अखाड़े को झुमर के रंग में डुबो दिया। लोकप्रिय झुमर गीत कदम फुलेर महके पर दर्शकों की तालियों से अखाड़ा गूंज उठा। लोग कार्यक्रम की हर झलक को अपने मोबाइल कैमरे में कैद करते नजर आए। आयोजन के दौरान ग्रामीण मनोरंजन के लिए मुर्गा पाड़ा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन समिति के चंदन कुमार महतो ने बताया कि सरस्वती पूजा के साथ ग्रामीणों के मनोरंजन और सांस्कृतिक परंपरा को जीवित रखने के उद्देश्य से झुमर अखाड़ा का आयोजन किया गया। इसे सफल बनाने में गांव के युवाओं का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम में आयोजन समिति के सदस्य, ग्रामीण एवं सैकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

# शिक्षा और संस्कार का संदेश देकर मां सरस्वती की विदाई, पूजा शांतिपूर्ण संपन्न

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**

किशनगंज में विद्या और ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा और भव्य विसर्जन रविवार को भक्ति, आस्था और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में माता सरस्वती की जय और अगले बरस तू जल्दी आह्व के नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। श्रद्धालु अपने परिवार और बच्चों के साथ पूजा में शामिल होकर मां से विद्या, बुद्धि और उज्ज्वल भविष्य की



कामना कर रहे थे। विभिन्न पूजा समितियों द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में छात्र-छात्रा, युवा और बच्चे बड़े उत्साह के साथ शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों, गाजे-बाजे और डीजे की धुनों पर भक्तों ने थिरकते हुए भक्ति का आनंद लिया। श्रद्धालुओं ने अबीर-गुलाल उड़ाते हुए एक-दूसरे को बधाई दी और मां सरस्वती से विद्या और बुद्धि के आशीर्वाद की कामना की। विसर्जन जुलूस शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, जैसे–डे मार्केट, गांधी चौक और मुख्य बाजार से होते हुए निर्धारित घाटों तक पहुंचा। रास्ते भर भक्तों ने पुष्प वर्षा कर मां को विदाई दी। घाटों पर वैदिक मंत्रोच्चारण और विशेष आरती के बाद श्रद्धालुओं ने नम आंखों से प्रतिमाओं को जल में प्रवाहित किया। जिले के विभिन्न स्कूलों, कोचिंग संस्थानों और प्रशिक्षण केंद्रों में भी विशेष आयोजन किए गए। बच्चों ने कलम, किताब और वाद्य यंत्र अर्पित कर उज्ज्वल भविष्य और ज्ञान की प्राप्ति की कामना की। शिक्षकों ने पूजा का महत्व समझाते हुए बच्चों को अनुशासन, नैतिक मूल्य और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया। स्थानीय आयोजकों ने सुरक्षा और शांति व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा। कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रहा, जिससे श्रद्धालुओं में संतोष और उत्साह देखा गया। इस अवसर पर सामाजिक एकजुटता और सामूहिक भक्ति की भावना भी दिखाई दी, जिससे यह पर्व न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से भी यादगार बन गया।

# भाजपा नेता सुधा सिंह ने नबीनगर मंडल अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**


भारतीय जनता पार्टी



नबीनगर (बिहार) भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता सुधा सिंह ने नबीनगर मंडल अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका इस्तीफा UGC द्वारा उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए जारी किए गए नए Equity Regulationsके विरोध में है, जिसमें उन्हें सामान्य/स्वर्ण वर्ग के छात्रों के लिए भय और असुरक्षा का माहौल बनने की संभावना दिख रही है।सुधा सिंह ने अपने इस्तीफे में कहा है कि वह सामाजिक समानता, न्याय और भेदभाव-मुक्त व्यवस्था के पक्ष में हैं, लेकिन किसी भी नीति में यदि किसी एक वर्ग को यह महसूस हो कि उसे निशाना बनाया जा रहा है या उसके साथ अन्याय हो सकता है, तो उस पर पुनर्विचार आवश्यक है।सुधा सिंह ने कहा कि उनका यह निर्णय किसी दबाव में नहीं, बल्कि अपने अंतरात्मा की आवाज पर लिया गया है। वह आगे भी राष्ट्रहित, समाजहित और सकारात्मक संवाद के पक्ष में अपनी भूमिका निभाती रहेंगी

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जन-जागरूकता रैली एवं मुख्य कार्यक्रम का आयोजन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर किश नगंज में मतदाता जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी विशाल राज ने समाहरणालय परिसर से खगड़ा स्थित सम्राट अशोक भवन तक निकाली गई रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में जिला स्तरीय पदाधिकारी, कार्यालय कर्मी तथा विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मुख्य कार्यक्रम सम्राट अशोक भवन, किशनगंज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान के सामूहिक गायन से हुआ। इसके पश्चात उपस्थित सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता से संबंधित चलचित्र तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त का संदेश भी प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनमें लोक तांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित होना आवश्यक है। उन्होंने संविधान, स्वतंत्रता एवं लोकतंत्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मतदान के अधिकार को पहचानने और उसका विवेकपूर्ण उपयोग करने का आह्वान किया। जिला पदाधिकारी विशाल राज ने अपने संबोधन में कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर अनिवार्य रूप से मतदान करने, योग्य प्रत्याशी का चयन करने तथा जिम्मेदार सरकार के निर्माण में सक्रिय सह भागिता निभाने की अपील की। कार्य क्रम के अंत में वरीय पदा धिकारी, निवार्ची पदाधिकारी, विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधि कारी, सहायक निवार्ची पदाधिकारी, एसआईआर-2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधि कारी, अवर निर्वाचन पदा धिकारी, सहा यक निर्वाचक निबंधन पदा धिकारी, बीएलओ सहित अन्य कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# शिक्षा निकेतन उच्च विद्यालय कोर्रा में लगी विज्ञान प्रदर्शनी।

**समाज जागरण मिंटू कुमार समाज जागरण संवाददाता हजारीबाग।**



शिक्षा निकेतन उच्च विद्यालय कोर्रा में विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी- अपनी कला का प्रदर्शन कर दिखलाया कि किस प्रकार विज्ञान का सही प्रयोग कर हम विकसित भारत के निर्माण में सहयोग दे सकते हैं और देश का विकास में सहयोगी बन सकते हैं ।विद्यालय के निर्देशक मधुप मनोहर के संरक्षण में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मॉडल की प्रस्तुति दिए ' विद्यार्थियों में सुकरी कुमारी, दीक्षा कुमारी, गुलनाज परवीन, अंशु कुमारी, संकेत कुमार, आयुष राव, आदित्य कुमार, इंशा प्रवीण, दिव्या कुमारी, तृषा कुमारी, खुशी रानी, सूरज कुमार, रिंकी कुमारी, स्वाति कुमारी, प्रतीक्षा कुमारी, सुमन कुमारी, प्रियंका गुप्ता, आयुषी लकड़ा, संदीप कुमार, युवराज कुमार, सनाया कुमारी, तन्वी कुमारी, मिस्कात परवीन, कंचन कुमारी, अर्जुन कुमार, श्रवण श्रवण कुमार, चंदन कुमार, दीपक हंसदा, शाहनवाज अंसारी, विशाल कुमार, खुशी गुप्ता, अर्चना रानी, संप्रीत कुमारी, साफिया परवीन, तनु प्रिया, सुमन कुमारी, बेबी कुमारी, सोनू कुमार, पायल कुमारी ने अदभुत कला का प्रदर्शन किया ' विजेता चुनने में विद्यालयपरिवार में बहुत देर तक विचार विमर्श किया गया, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया कि आयुषी लकड़ा एवं प्रियंका कुमारी (आपदा अलर्ट), सूरज कुमार (ए एल रोबोट) तथा अर्जुन कुमार ( हृदय क्रियाविधि) के लिए चयन कर पुरस्कृत किया गया ' इस अवसर पर सभी शिक्षकों का भी योगदान अतुल्यनीय रहा '

# कमलेश सिंह बने करणी सेना के प्रदेश सचिव, यूजीसी के विरोध में जल्द कड़ा प्रदर्शन करेगी करणी सेना

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



जमशेदपुर (झारखंड) 25 जनवरी 2026: क्षत्रिय करणी सेना परिवार के संगठन का विस्तार करते हुए गोविंदपुर के रहने वाले कमलेश सिंह को झारखंड का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राज शेखवात के निदेर्शानुसार झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कुंवर अभिनव सिंह राठौर ने आधिकारिक पत्र सौंपकर कमलेश सिंह के नाम की घोषणा की। इस नियुक्ति की घोषणा के बाद जमशेदपुर में करणी सेना के सदस्यों ने गोविंदपुर में बैठक कर सभी उपस्थित सदस्यों ने नवनियुक्त प्रदेश सचिव कमलेश सिंह का गर्मजोशी से स्वागत किया। सदस्यों ने उन्हें भगवा वस्त्र पहनाकर और पुष्प गुच्छ (बुके) भेंट कर अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कमलेश सिंह ने राष्ट्रीय नेतृत्व और प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की विचार धारा को जन-जन तक पहुँचाने और समाज के हितों के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और कहा की जल्द ही जमशेदपुर में यूजीसी के विरोध में हर स्तर में कड़ा प्रदर्शन किया जाएगा । कार्यक्रम में काफी संख्या में गणमान्य सदस्य एवं पदाधिकारी गण मौजूद थे।

# किशनगंज का खगड़ा मेलाः सदियों से सांस्कृतिक और मनोरंजन का संगम

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज**



किशनगंज की सांस्कृतिक पहचान माने जाने वाला ऐतिहासिक खगड़ा मेला सदियों से आयोजित होता आ रहा है और आज भी लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। मेले में प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्थानीय और दूर-दराज क्षेत्रों से लोग पहुंचकर मनोरंजन और खरीदारी का आनंद ले रहे हैं। मेले में बच्चों और युवाओं के लिए झूले, सर्कस, खेल-तमाशे, चित्रहार, जलपरी शो और थिएटर की विशेष व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही घरेलू उपयोग और रोजमर्रा की जरूरतों की दुकानों का भी विशेष इंतजाम किया गया है। सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल और प्रकाश की समुचित व्यवस्था के कारण लोग पूरे परिवार के साथ निश्चिंत होकर मेले का आनंद उठा रहे हैं। खगड़ा मेला केवल मनोरंजन का ही नहीं, बल्कि व्यापार, संस्कृति और आपसी सौहार्द का भी प्रतीक है। ऐतिहासिक विरासत से जुड़ा यह मेला किशनगंज की पहचान बना हुआ है, जहां हर उम्र और वर्ग के लोगों के लिए कुछ न कुछ खास है। मेला आयोजन समिति ने आम जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में खगड़ा मेला पहुंचकर इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनें और इसकी रौनक बढ़ाएं।

# मुख्यमंत्री द्वारा छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का जनपद सोनभद्र के विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में किया गया सजीव प्रसारण

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा आज छात्रवृत्ति वितरण समारोह कार्यक्रम के आयोजन का सजीव प्रसारण पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राबट्र्सगंज सहित सोनभद्र के विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में किया गया, इस दौरान मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण-पत्र का वितरण लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राबट्र्सगंज में जिला विद्यालय निरीक्षक सोनभद्र जयराम सिंह एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्री सुधांशु शेखर शर्मा तथा समाज कल्याण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के कर्मचारीगण सहित स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मा0 मुख्यमंत्री जी के सम्बोधन का सजीव प्रसारण को देखा। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण-पत्र का वितरण जिला विद्यालय निरीक्षक सोनभद्र एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्री सुधांशु शेखर शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री सुधांशु शेखर शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आज बच्चों को चार महीने में तीसरी बार (26 सितम्बर 2025,02 अक्टूबर 2025 एवं 25 जनवरी 2026) छात्रवृत्ति की धनराशि पात्र विद्यार्थियों के आधार-सीडेड बैंक खातों में सीधे अंतरित की गयी है। जिससे पुस्तक व शैक्षणिक सामग्री आदि की खरीदारी करते हुए पठन-पाठन के कार्य को करने में सहायता मिल सकेगी। जनपद में बेहतर शिक्षा ग्रहण करने से ही छात्र-छात्रा अच्छे अंक से उत्तीर्ण होंगें और जनपद तथा अपने परिवार समाज का नाम रोशन करेंगें। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक सोनभद्र श्री जयराम सिंह ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा आज छात्र-छात्राओं के खाते में धनराशि हस्तान्तारित करने का कार्य किया गया है, छात्रवृत्ति योजना छात्राओं को वित्तीय सहायता प्रदान करती है ताकि छात्र-छात्रा अपनी शिक्षा जारी रख सकें। यह योजना एस0 सी0/ एस0 टी0/ ओ0 बी0 सी0/ सामान्य और अल्पसंख्यक श्रेणियों के छात्रों के लिए प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान करती है।उन्होंने कहा कि जनपद के छात्र-छात्रा बेहतर शिक्षा प्राप्त कर समाज में बेहतर प्रमुख स्थान प्राप्त कर सकते हैं। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण समस्त माध्यमिक एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में किया गया तथा प्रधानाचार्य एवं छात्रवृत्ति नोडल द्वारा बच्चों को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

10-5-25:Layout 1 1/26/2026 3:05 AM Page 15



# थाना दादरी पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार।

**समाज जागरण**




संदीप गर्ग / नोएडाः थाना दादरी पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 01 अभियुक्त राशिद पुत्र नूर मोहम्मद को पेरीफेरल अंडरपास जारचा रोड से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त राशिद पुत्र नूर मोहम्मद निवासी मौ0 काजीवाड़ा, पुरानी आरा मशीन, थाना धौलाना, हापुड का मूल निवासी है और अभियुक्त की उम्र 22 वर्ष बताई जा रही है अभियुक्त का पुराना आपराधिक इतिहास भी है विभिन्न थाना क्षेत्र में पहले भी कई मुकदमा पंजीकृत है पुलिस अभियुक्त गिरफ्तार कर उसके पास से 01 तमंचा मय 01 जिंदा कारतूस .315 बोर अपने कब्जे में ले लिया है उपयुक्त धारा में मुकदमा पंजीकृत कार्यवाही शुरू कर दी है.

# सोशलिस्ट मंच ने नोएडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन से मंच के प्रदेश कार्यालय तक संविधान सम्मान यात्रा निकाली।

**समाज जागरण**




संदीप गर्ग / नोएडा : भारतीय सोशलिस्ट मंच ने नोएडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन से मंच के प्रदेश कार्यालय तक संविधान सम्मान यात्रा निकाली। भारतीय सोशलिस्ट मंच के कार्यकर्ता मोरना गांव के बारातघर पर एकत्रित हुए। यहां से सिटी सेंटर पहुंचकर यात्रा शुरू की। यात्रा में तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति नारे लगाते हुए कार्यकर्ता सेक्टर 35, 22, 12, 11 से होते हुए मंच के प्रदेश कार्यालय पर यात्रा का समापन हुआ। इस अवसर पर प्रदेश संविधान की ताकत और खूबी के बारे में बताया गया। भारतीय सोशलिस्ट मंच की गतिविधियों, मिशन और एजेंडे पर बताया। इस अवसर पर मंच के प्रदेश प्रभारी देवेंद्र अवाना, राष्ट्रीय प्रवक्ता चरण सिंह राजपूत, वरिष्ठ पत्रकार गीतांजलि शर्मा, राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र शर्मा, जिलाध्यक्ष देवेंद्र गुर्जर, प्रदेश सचिव मोहम्मद यामीन, युवा नेता गौरव मुखिया सफील सैफी रोशन उस्मान भड़ाना प्रेम हैप्पी रिंकू आदि मौजूद रहे।

# थाना नॉलेज पार्क पुलिस द्वारा आत्महत्या के दुष्प्रेरण में 02 वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार।

**समाज जागरण**



संदीप गर्ग / नोएडाः थाना नॉलेज पार्क पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से आत्महत्या के दुष्प्रेरण में 02 वाँछित अभियुक्त सत्यनारायण पाण्डेय पुत्र स्व0 रामदेव पाण्डेय और धर्म सिंह सिकरवार पुत्र राम सेवक सिंह को शारदा गोलचक्कर के पास से गिरफ्तार किया गया है। रात्रि दिनांक 23/24.01.2026 में नॉलेज पार्क-3 स्थित हॉस्टल के अभियुक्तों (वार्डन) द्वारा आत्महत्या के दुष्प्रेरण में बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र उदित सोनी पुत्र विजय सोनी, निवासी भोगनीपुर, जनपद झांसी द्वारा आत्म हत्या करने के संबंध में अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसमें अभियुक्त वाँछित चल रहे थे। वार्डन- सत्यनारायण पाण्डेय पुत्र स्व0 रामदेव पाण्डेय निवासी ग्राम मसुरिया, थाना गढ़वा, गढ़वा (झारखण्ड) का रहने वाला है और हाल फिलहाल में नॉलेज पार्क-3, गौतमबुद्धनगर में रहता है इनकी उम्र 54 वर्ष बताई जा रही है दूसरा वार्डन धर्म सिंह सिकरवार पुत्र राम सेवक सिंह निवासी ग्राम लोहरीकापुरा, थाना देवगढ़, मुरैना (मध्य प्रदेश) का रहने वाला है और वर्तमान पता नॉलेज पार्क-3, गौतमबुद्धनगर, काहे वीर की उम्र 47 वर्ष बताई जा रही है पुलिस ने दोनों वार्डनों को गिरफ्तार कर इनके खिलाफ धारा 191(2),115 (2),108 बीएन एस, मैं मुकदमा पंजीकृत कार्यवाही शुरू कर दी है .

# जिला में गरिमामयी व धूमधाम से होगा 77वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन

-सिरसा में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल होंगे मुख्य अतिथि

**समाज जागरण**

सिरसा/कालांवाली 25 जनवरी (सुरेश जोरासिया) स्थानीय शहीद भगत सिंह स्टेडियम में सोमवार, 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामयी व भव्य तरीके से मनाया जाएगा। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री विपुल गोयल मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और परेड का निरीक्षण करने के साथ मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। इससे पहले मुख्यातिथि लघु सचिवालय स्थित शहीद स्मारक व स्वतंत्रता सेनानी स्मारक पर अमर शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यअतिथि प्रातः 10 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और इसके बाद परेड का निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा उपमंडल स्तर पर भी समारोहों का आयोजन होगा। नगराधीश अजय सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के परिजनों का सम्मान किया जाएगा। इसके अलावा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और सामाजिक संस्थाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में केंद्र व प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों एवं अंत्योदय उत्थान की भावना पर आधारित विभिन्न विभागों द्वारा झांकियां निकाली जाएगी, जिसमें क्रिड, जिला ग्रामीण विकास एजेंसी, जन स्वास्थ्य विभाग, जिला उद्योग केन्द्र, एम.एस.एम.ई, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग, मत्स्य विभाग, मिल्क प्लांट, महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल कल्याण विभाग, कृषि विभाग, बिजली निगम, ट्रैफिक पुलिस, आयुष विभाग व जिला रेडक्रॉस सोसायटी आदि विभाग का नाम शामिल है।

उन्होंने बताया कि समारोह में भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। समारोह में स्कूली विद्यार्थी परेड, मार्च पास्ट, एक्शन सॉन्ग, ग्रुप डांस, एक्रो बेटिक्स, हरियाणवी लोक नृत्य, गिद्दा की प्रस्तुति देंगे।

# मतदान लोकतंत्र की आत्मा : - गुलाब सिंह

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**




शक्तिनगर/ सोनभद्र। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं तृतीय के तत्वावधान में दिनांक 25 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष में प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के निदेर्शानुसार स्वयंसेवकों ने मतदान का शपथ लिया। इस दौरान स्वयं सेवकों ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर स्थानीय नागरिकों एवं राहगीरों से मतदान करने का आग्रह किया,ताकि भारतीय लोकतंत्र को मजबूत किया जा सके। इस कार्यक्रम में 18 वर्ष से अधिक के युवा और युवतियों को वोटर कार्ड बनवाने एवं अपने परिवार से लेकर आसपास के सभी नागरिकों को मतदान- महादान का संकल्प दिलवाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए संस्था के प्रभारी डॉ० प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि आज जब हम विकसित भारत बनाने का संकल्प ले रहे हैं तब विकसित उत्तर प्रदेश बनाना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है और इस दिशा में आज के युवा अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं। इसमें आवश्यकता सिर्फ उन्हें सही दिशा देने की है। समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी गुलाब सिंह ने मतदान-महादान का संकल्प दोहराया और कहा कि भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता का सबसे बड़ा आधार नागरिकों का अधिकाधिक मतदान में सहभागिता करना है। इसके लिए राष्ट्रीय सेवा योजना का आज का यह प्रयास एक निर्णायक कदम है क्योंकि आसपास के स्थानीय नागरिकों में शिक्षा की कमी है ' इसलिए मतदान के प्रति जागरूकता ही लोकतंत्र को सशक्त बनाएगी। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की तरफ से मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ और शाल भेंट कर स्वागत किया गया । कार्यक्रम अधिकारी डॉ० विनोद कुमार पाण्डेय ने सहभागियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ० छोटेलाल प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान गायन से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पायल, कोमल, हिमांशु, अंकित, रोशनी, पूनम, काजल, प्रभा, खुशी, आशुतोष, अंकित, नीरज, रोहित की भूमिका सराहनीय रही।

# थाना फेस-1 पुलिस द्वारा अवैध शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार।

**समाज जागरण**




संदीप गर्ग / नोएडा : थाना फेस-1 पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की तस्करी करने वाला 01 अभियुक्त सोनू कुमार पुत्र मुन्ना को मसाला मार्केट सेक्टर-5 नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 107 टेट्रा पैक देशी शराब कटरीना उ0प्र0 मार्का व 01 स्कूटी बरामद की गई है। अभियुक्त सोनू कुमार पुत्र मुन्ना निवासी टी-9, हजरत निजामुद्दीन, सराय काले खां, दिल्ली, का रहने वाला है और अभियुक्त की उम्र 24 वर्ष बताई जा रही है पुलिस अभियुक्त गिरफ्तार कर उसके ऊपर धारा 60 आबकारी एक्ट, मैं मुकदमा पंजीकृत कार्यवाही शुरू कर दी है और उसके पास से 107 टेट्रा पैक देशी शराब कटरीना उ0प्र0 मार्का और 01 स्कूटी अपने कब्जे में ले ली है.

# जनपद गौतम बुध नगर में 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व को धूमधाम से मनाया.

**समाज जागरण**



संदीप गर्ग / नोएडाः हर साल की तरह सरबत दा भला (रजि.) ने 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व को समर्पित नगर कीर्तन का योजना किया गया । नगर कीर्तन गुरु ग्रंथ साहिब जी की अगवाई में पंज प्यारें जी के साथ गुरुद्वारा श्री गुरु हरकिशन साहिब जी सेक्टर 12 से शुरू होकर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सेक्टर 18 नोएडा पर समाप्त हुआ। नगर कीर्तन में विभिन्न स्थानों पर लंगर सेवा की व्यवस्था भी की गई थी, जिसमें नोएडा पंजाबी समाज (पंजीकृत), गुरुद्वारा सेक्टर 37 और सेक्टर 50 की संगत, कई अन्य भक्तों द्वारा स्टाल लगाया गया था, जहां कई लोगों ने सेवा में रुचि दिखाई और लंगर प्रसाद ग्रहण और वितरण किया । दिल्ली और पंजाब के विभिन्न हिस्सों से आई गतका टीमों ने प्राचीन युद्ध तकनीकों का शस्त्र प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक किया । इस आयोजन में भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। इस अवसर द्वारा महिलाओं और पुरुषों द्वारा कीर्तन किया जा रहा था और लोग उनके साथ भक्ति भाव से साथ निभा रहे थे इस कार्यक्रम में श्री भूपेन्द्र सिंह, परमजीत सिंह, रणधीर सिंह, मनिंदर सिंह, हरमीत सिंह, सरबजीत सिंह और कई अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे .अंत में आयोजकों ने प्रशासन और शासन का धन्यवाद प्रकट किया ।

# गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत के चलते सेंट्रल नोएडा डीपी अपनी पूरी टीम के साथ मुस्तैद.

**समाज जागरण**

संदीप गर्ग / नोएडाः पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत डीसीपी सेन्ट्रल नोएडा श्री शक्ति मोहन अवस्थी द्वारा एडीसीपी सेन्ट्रल नोएडा श्री संतोष कुमार व एसीपी-2 सेन्ट्रल नोएडा श्री पवन कुमार व बीडीडीएस टीम, डॉग स्क्वाड व पुलिस बल के साथ थाना बिसरख क्षेत्र के अंतर्गत गौर सिटी मॉल व अन्य भीड़-भाड़



वाले स्थानों पर के आस-पास फुट पेट्रोलिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। उनके द्वारा पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए एवं संदिग्ध प्रतीत हो रहे प्रत्येक व्यक्ति/वाहनों को रोककर उसकी चेकिंग की जाए तथा नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए। उनके द्वारा सभी पीसीआर व पीआरवी वाहनों को लगातार भ्रमणशील रहते हुए सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन का डीएनडी पर भव्य स्वागत :

**समाज जागरण**




संदीप गर्ग / नोएडाः भाजपा नोएडा महानगर जिला अध्यक्ष श्री महेश चौहान के नेतृत्व में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन जी का डीएनडी मार्ग पर भव्य, ऐतिहासिक एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं, पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। पूरे मार्ग को पुष्पवर्षा, नारों, बैनरों एवं झंडों से सजाया गया था, जिससे वातावरण पूर्णतः राष्ट्रभक्ति और संगठनात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया। इस गरिमामयी स्वागत कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री पंकज चौधरी, सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक श्री पंकज सिंह, प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंशी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया सहित पार्टी के सभी नेताओं एवं कार्यकताओं ने पुष्पगुच्छ, माल्यार्पण एवं पुष्पवर्षा के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन जी का भव्य अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान "भारत माता की जय", "वंदे मातरम एवं "भाजपा ज़िंदाबाद" जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली, जो संगठन की मजबूती और एकजुटता का सशक्त संदेश दे रही थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा श्री नितिन नबीन जी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा आज केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, जो राष्ट्र, समाज और संस्कृति के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष श्री पंकज चौधरी जी ने कहा कि श्री नितिन नबीन जी का नेतृत्व भाजपा संगठन को नई दिशा, नई ऊर्जा और नई मजबूती प्रदान कर रहा है। उनका मार्गदर्शन कार्यकताओं के लिए प्रेरणास्रोत है तथा उनके नेतृत्व में भाजपा राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को और अधिक सशक्त रूप में आगे बढ़ा रही है। सांसद डॉ. महेश शर्मा एवं विधायक पंकज सिंह ने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि संगठनात्मक अनुशासन, विकास की राजनीति और राष्ट्रहित सर्वोपरि रखना ही भाजपा की पहचान है। स्वागत कार्यक्रम में पूर्व मंत्री नवाब सिंह नगर, अध्यक्ष अमित चौधरी, विधायक तेजपाल नागर, अभिषेक शर्मा एवम भाजपा के विभिन्न मोर्चों, मंडलों, प्रकोष्ठों, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने अनुशासन, संगठनात्मक मयार्दा और समर्पण भाव के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। यह भव्य स्वागत केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भाजपा संगठन की शक्ति, अनुशासन और एकजुटता का प्रतीक बना। यह आयोजन इस बात का स्पष्ट संदेश देता है कि भाजपा नेतृत्व और कार्यकर्ता दोनों ही राष्ट्रहित, विकास, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प के साथ एकजुट होकर आगे बढ़ रहे हैं। भाजपा परिवार द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन जी का यह भव्य स्वागत संगठनात्मक एकता, शक्ति और संकल्प का जीवंत उदाहरण बना, जो आने वाले समय में पार्टी के विस्तार और जनसमर्थन को और अधिक मजबूत करेगा।

# ग्रामीणों ने हरियाणा लोक सेवा आयोग की भर्ती प्रक्रिया को लेकर रोष जताया

**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**





बहल, 25 जनवरी। क्षेत्र के गांव मोरका के ग्रामीणों ने हरियाणा लोक सेवा आयोग की भर्ती प्रक्रिया को लेकर रोष जताया हैं और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेज भर्ती प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। सेवा आयोग की भर्ती की खामियों को लेकर रविवार को ग्रामीणों ने गांव के सार्वजनिक चौक में एकत्रित हो लोक सेवा आयोग के खिलाफ नारेबाजी की है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सरपंच को सौंपा है और सरपंच ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया है कि वे इस पत्र को मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचाएंगे। ग्रामीणों और खासकर शिक्षित युवाओं ने भर्ती प्रक्रिया को असफल बताया है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण व कालेज स्तर के विद्यार्थियों में बेरोजगारी बढ़ाने वाला, रिक्त पद न भरने और विशेषकर महाविद्यालय पढ़ने वाले बच्चों को अध्यापक ने मिलने से होने वाली परेशानी को बढ़ावा देने वाला बताया। वर्तमान में महाविद्यालयों के लिए किए जाने वाले विभिन्न पदों हेतु अध्यापक की नियुक्ति प्रक्रिया में आयोग ने हरियाणा के काबिल युवाओं को न्यूनतम अंक के नाम पर अवसर से वंचित कर दिया है। विद्यार्थियों को शिक्षा से वंचित करके बेरोजगारी की लाइन को ओर अधिक लंबा कर रहा है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री का ध्यान दिलाते हुए कहा है कि कि आज समूचे विश्व नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कराने का जोर दिया जा रहा है। परंतु हरियाणा में हरियाणा लोक सेवा आयोग उम्मीदवार उपलब्ध होने के बावजूद भी न्यूनतम अंकों की बाधा डालकर अधिक पदों को खाली रखने के लिए रास्ता तैयार कर दिया है। उन्होंने यह भी बताया है कि शिक्षण संस्थानों में मैं शिक्षकों की बेहद कमी है शिक्षा का स्तर ओर ज्यादा गिरता जा रहा है तथा आयोग खाली पद अध्यापकों की आवश यकता तथा योग्य उम्मीदवार होने के बावजूद भी गलत प्रक्रिया के जरिए हरियाणा के सभी श्रेणियां की उम्मीदवारों से भेदभाव कर रहा है और इसे विशेष कर आरक्षित श्रेणियां के लिए तो अत्यंत अन्याय पूर्ण तरीके से हरियाणा के युवाओं को रोजगार से वंचित कर रहा है। जैसा कि वर्तमान में सहायक प्राध्यापकों के पदों पर प्रणाम जारी हुआ है। जिसमें विभिन्न पदों में की एवरेज में बहुत ही कम या यूं कहे की न के बराबर उम्मीदवारों को ही पास किया है। जिसका सीधा अर्थ यह है कि आरक्षण को खत्म करने की गहरी साजिश है। ग्रामीण और शिक्षित युवाओं ने मुख्यमंत्री से उन्हें उनका हक रोजगार और न्याय दिलाने की मांग की है और कहा है कि आयोग के विरुद्ध चल रहे आंदोलन में भाग लेने के लिए लोगों को मजबूर न करे । आज के ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाले में मुख्य रूप से वीरेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, सुखबीर, दयानंद, ईश्वर सिंह, बलवान, संदीप, हितेश, कुरड़ाराम, बसंत, विनोद, राजेश, कुलदीप, तरावी, साधुराम, रविंद्र, सोमवीर, सचिन, रंजीत सहित करीब डेढ़ सौ लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं।

# पैनल अधिवक्ता रामनिवास द्वारा आज 16 वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उपस्थित मतदाताओं को मतदाता अधिकार व वोट के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता।( महेन्द्र जावला बहल**



बहल, 25 जनवरी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिवानी एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के दिशा निदेर्शानुसार व उप मंडल कानूनी सेवा समिति लोहारू के अध्यक्ष एवं उपमंडल न्यायिक दंडाधिकारी देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में मतदाता दिवस रविवार को मनाया गया। मतदाता अधिकार दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बहल के पंचायत घर में पैनल अधिवक्ता रामनिवास द्वारा आज 16 वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उपस्थित मतदाताओं को मतदाता अधिकार व वोट के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि हमें कोई भी हमारे मतदान के अधिकार से वंचित नहीं कर सकता यदि कोई अधिकारी या नेता किसी नागरिक को मतदान के अधिकार से वंचित करता है तो उसके खिलाफ न्यायालय की शरण ली जा सकती है। मतदान का अधिकार हमारा कानूनी अधिकार है व मतदाता वह शक्ति है जो सत्ता बनाने व परिवर्तन करने की ताकत रखता है ।

इस अवसर पर नरेश सांखला, आदित्य आर्य, आशुतोष, कुलदीप सैनी, राम भगत चौधरी, दीपक चावला, रक्षित गोयल, राहुल, विपिन,किशनलाल सांखला, हरि किशन वर्मा, विपिन वर्मा आदित्य सैनी विकास बागड़ी आदि लोग कैंप मे मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी के कर कमलों से कलेक्ट्रेट परिसर में मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल एवं कंबल का किया गया वितरण

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस के शुभ अवसर पर पंचायत रिसोर्स सेन्टर लोढ़ी, सोनभद्र में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा 10 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का निःशुल्क वितरण किया गया तथा श्रीमती हीरामणी चोपन सोनभद्र को जिलाधिकारी के कर कमलों से कलेक्ट्रेट परिसर में मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल एवं कंबल का वितरण किया गया। श्रीमती हीरामणी के निःशुल्क मोटराइजड टाइसाइकिल प्राप्त होने पर उनके पति श्री बन्धु की आंखों में प्रसन्नता के आंसू दिखने लगे और उन्होंने जिलाधिकारी व शासन को बारम्बार धन्यवाद दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ द्वारा दिव्यांगजनों के लिए चलायी गयी यह योजना भूरि-भूरि प्रसंशा के योग्य है। इस योजना के माध्यम से दिव्यांगजन जिनके पैर कटे हैं, वह मोटराइज्ड साईकिल के माध्यम से कहीं भी आ जा सकते हैं और अपना छोटा रोजगार भी कर सकते हैं। मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल गये एवं उ0 प्र0 सरकार निःशुल्क ट्राईसाइकिल योजना की भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी। राष्ट्रीय मतदाता के अवसर पर श्रीमती लीला सिंह गोंड ब्लॉक प्रमुख चोपन सोनभद्र द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आरंभ हरी झंडी दिखाकर किया गया । इस आयोजन में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग सोनभद्र के कार्यालय, बचपन डे केयर सेन्टर सोनभद्र एवं संकेत मूकबधिर विद्यालय चोपन सोनभद्र के कर्मचारियों द्वारा एवं जनपद के दिव्यांगजनों ने पूर्ण मनोयोग से प्रतिभाग किया एवं मतदाता शपथ ग्रहण की तथा भविष्य में होने वाले निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया गया साथ ही यह प्रतिज्ञा की गयी कि इस भावना को समाज के विभिन्न वर्गों एवं दिव्यांगजनों में पहुचाने का पूर्ण प्रयास करेंगे। तथा सभी प्रतिभागियों द्वारा मतदाताओं द्वारा शपथ ग्रहण भी किया गया। माननीय प्रमुख जी द्वारा उ0प्र0 सरकार द्वारा दिव्यांगजनों हेतु कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनमानस को दी गयी। साथ ही मतदान की महत्ता के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। माननीय प्रमुख जी द्वारा कहा गया कि हम सभी अपने मतदान के द्वारा ही एक सशक्त एवं कल्याणकारी सरकार की स्थापना कर सकते है। इस सुअवसर पर अंत में श्रीमती विद्या देवी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी जनपद सोनभद्र के द्वारा धन्यवाद संबोधन में इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए माननीय ब्लॉक प्रमुख एवं जिला पंचायत सदस्य, चुर्क सोनभद्र तथा माननीय राज्यमंत्री समाज कल्याण संजीव सिंह गोंड जी के प्रतिनिधि का धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं विभाग की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में लोगों को बताया गया साथ ही यह भी बताया गया कि जनपद के सभी दिव्यांगजन इन योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ प्राप्त कर सकते है। इस अवसर पर श्रीमती विद्या देवी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विनोद मिश्रा, राष्ट्रीय मानवाधिकार मिशन, सुयश कुमार शुक्ला, सहायक अध्यापक, राहुल कुमार सिंह, समन्वयक बचपन डे केयर सेंटर, गोलू कुमार, कनिष्ठ सहायक, विनय कुमार शर्मा, कम्प्यूटर ऑपरेटर, एवं बचपन डे केयर सेटर के अन्य स्टॉफ मौके पर उपस्थित रहें।

School Code : 71794 Affiliated to CBSE New Delhi (10+2) CBSE Aff. : 2133680
DALIMSS SUNBEAM
GROUP OF SCHOOLS
GANDHINAGAR - GHAZIPUR
Happy Republic Day
INVITING ADMISSIONS
SESSION 2026-27
For PG to IX & XI
SCIENCE, COMMERCE & HUMANITIES STREAM
Special Features :-
Smart Class
Dedicated Labs
Sports Class
Separate Building For Toddlers
Musical Class
CBSE Cluster
Managing Director
Himanshu Rai
सरजू राय मेमोरियल पी.जी. कालेज
सम्बद्धता : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ.प्र.)
B.Com B.A. B.Sc. M.A. D.El.Ed.(B.T.C.)
कालेज कोड- 450241, 450088
Call : 7706990011, 7839595555, 7235990011
E-mail : dalimss.gandhinagar@gmail.com Website : dalimssgandhinagargzp.com
OUR BRANCHES: ROHANIA | ROHANIA HOSTEL | RAMKATORA | SIGRA | MAHMOORGANJ | PAHARIA | NTPC TANDA

गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
काशी रत्न
फादर पी विक्टर
हार्टमन इण्टर कालेज
हार्टमनपुर, गाजीपुर

Wishing You All A
Happy Republic Day
Celebrating the spirit of freedom and unity
Dr. Masood Ahmad
Director
Taj Public School, Tajpur Dehma, Ghazipur

समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
महेश गोयल झोरड़
अध्यक्ष नगरपालिका कालांवाली (सिरसा)

आप सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
26 January
की हार्दिक शुभकामनाएं
मिशन-2026
एक बार फिर आप सभी के प्यार सहयोग और आशीर्वाद का अभिलाषी
चौ० जगपाल सिंह (बाबा)
अरविन्द पंवार (भारसी)

नगर पालिका कालांवाली (सिरसा)
की ओर से
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 में नगरपालिका का सहयोग करें।
शहर को खुले में शौच मुक्त रखने में सहयोग करें।
शहर को साफ रखने व पोलीथिन का प्रयोग न करें।
हाउस टैक्स समय पर जमा करवाए, पानी को व्यर्थ ना बहाए।
सुखे और गीले कूड़े को अलग-अलग करके ही नगरपालिका के वाहन मे डालें।
सुखे व गीले कूड़े के लिए दो अलग-अलग डस्टबीन लगाऐ।
गिरधारी लाल
सचिव
महेश झोरड़
अध्यक्ष नगरपालिका

समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुखजिन्द्र सिंह (बबली)
पार्षद, कालांवाली मंडी

आप सभी देशवासियों को
गणतन्त्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएँ
संजीव प्रधान
(गंगेरू)

आप सभी देशवासियों को
गणतन्त्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएँ
सालिनी कौशिक एडवोकेट (अध्यक्ष)
डॉ0 शिखा कौशिक (महासचिव)
आर्थिक सहयोगी -धर्म सिंह

आप सभी देशवासियों को
गणतन्त्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएँ
राजपाल सिंह चौहान
ग्राम प्रधान (इन्द्रखेडा बांगर)

आप सभी देशवासियों को
गणतन्त्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
श्री कुशांक चौहान

आप सभी देशवासियों को
गणतन्त्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएँ
मोबीन राणा
चैयरमैन प्रत्याशी (कांधला)

आप सभी देशवासियों को
गणतन्त्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएँ
रोहित गुप्ता
(आत्माराम गुप्ता एंड संस कांधला)

आप सभी देशवासियों को
गणतन्त्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएँ
सन्दीप पंवार
ग्राम प्रधान (भारसी)

आप सभी देशवासियों को
गणतन्त्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएँ
डॉ0 रश्मिकान्त जैन
नगर अध्यक्ष भा.ज.पा.

आप सभी देशवासियों को
गणतन्त्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएँ
अनुज तोमर
सचिव वि0ख0 कांधला

समाज जागरण
आपकी शहर आपका खबर

लोहारु हल्का वासियों को
26 जनवरी
समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
पर्यावरण प्रेमी महावीर चहल गोकुलपुरा

आप सभी देशवासियों को
गणतन्त्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएँ
अकरम अख्तर चौधरी
(एडवोकेट)

आप सभी देशवासियो को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
Prop.
PRADEEP KUMAR BEURIA
: 9234058006
: 9608384250
AUTO TECH
A Complete Car Service & Solution
Multi Brand Car Service
Car Detailing
All Co. Car Insurance Claim
Car Deco.
NH-33, Baliguma, Ranjan Dhaba Back Side, Sai Complex Road,
Near Rivaah Resort, Jamshedpur - 831018

(सम्बद्धता – डॉ. बी. आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा)
श्रीमती जानकी देवी
कन्या महाविद्यालय
बी.एड. काउन्सलिंग कॉलेज कोड- SA2342
सम्पर्क सूत्र :
9012662231, 8057050555
प्रवेश प्रारम्भ
बी.एड.
बी.ए. पाठ्यक्रम विषय
बी.एस.सी. पाठ्यक्रम विषय
प्रबन्धक / सचिव :
राकेश बाबू यादव (एड.)
पूर्व प्रधान
सेन्ट जॉन्स चौराहा, नन्द पैलेस के पास
लालऊ रोड, फिरोजाबाद – 283 203

GOVT. AFFILIATED
English Medium
Admission OPEN
Om Sai Public School
PLAYWAY to 8th
Director Sunil Dixit
8534812336, 8439532500
Mahavir Nagar, FIROZABAD

संत जनू बाबा एजूकेशनल ग्रुप, शिकोहाबाद
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
संचालित संस्थान
संत जनू बाबा स्मारक महाविद्यालय
सेन्ट जनू बाबा पैरामेडीकल कॉलेज
सेन्ट जे.बी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन
सेन्ट जनू बाबा आई.टी.आई.
सेन्ट जे.बी. ग्लोबल एकेडमी
संत जनू बाबा स्मारक इण्टर कॉलेज
डॉ. रामकैलाश यादव